# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 101 । नर्मदापुरम, मंगलवार 8 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



छीपाबड़ में एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा गया तस्कर, 3.80 लाख की मादक सामग्री जब्त — पृष्ठ 2

▸ नोटबंदी से वोटबंदी तक
▸ विनाश को विस्तार देते युद्ध! — पृष्ठ 4

▸ अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी: शुभमन गिल — पृष्ठ 5

मध्यप्रदेश की गतिशीलता-शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं निवेशक — पृष्ठ 8


रिहायशी इलाकों में भी... **नाक तक पहुंची बाढ़**



## मध्यप्रदेश, हिमाचल, गुजरात-महाराष्ट्र सहित उत्तर भारत में पानी ही पानी

**नई दिल्ली,भोपाल,जबलपुर देशबन्धु।** जुलाई के शुरूआत से ही बारिश उत्तर भारत में अपने तीखे तेवर दिखा रही है। कहीं चार घंटे में 5 इंच तो कहीं बादल फट पड़ते हैं और ऐसी मूसलधार लगती है कि देखते ही देखते रिहायशी इलाकों में नाक तक पानी चढ़ जाता है। लोग अपनी जान और सामान बचाने की जद्दोजहद में लग जाते हैं। हिमाचल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड सहित कई राज्यों में बड़ी संख्या में लोग बाढ़ से निपट रहे हैं। केन्द्रीय तथा प्रदेशों के राहत दल और सुरक्षा एजेंसियां बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

### तेज बारिश से पुल पर बनी सड़क क्षतिग्रस्त

**दमोह, एजेंसी।** दमोह जिले में हो रही लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में कुछ स्थानों पर पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा ब्लाक के लिए जीवनदानी कहलाने बाली गौरैया नदी सोमवार को पूरे उफान पर रही। लगातार हो रही बारिश से झलोन और सर्रा के बीच बिसनाखेड़ी गांव के समीप से निकली गौरैया नदी के पुल पर बनी सड़क बह गई। बताया गया पूर्व में इस पुल की एक परत बह गई थी जिसके बाद पिछले वर्ष ही उसमें सुधार हुआ था। निबोरा निवासी राहुल यादव ने बताया वहाब तेज होने के कारण पूल का कुछ भाग बह गया है। अब चार पहिया वाहनों का आवागमन होना मुश्किल है।



### अनूपपुर में कार बही, पति-पत्नी और बच्चों की मौत

अनूपपुर में रविवार रात अमरकंटक रोड पर सजहा नाले में तेज बहाव के दौरान एक कार बहने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में एसईसीएल सोहागपुर के फोरमैन चंद्रशेखर यादव (38), उनकी पत्नी प्रीति यादव (37), पुत्र रेयांश (8) और पुत्री सीबी (2) शामिल हैं। हादसा तब हुआ जब पुलिया पर पानी होने के बावजूद चंद्रशेखर ने कार आगे बढ़ाई, जिससे वह बह गई।

बिहार में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या

## महिला को डायन बता कर जिंदा जलाया

- 16 साल का बेटा घटना का चश्मदीद गवाह
- पूर्णिया जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र की घटना

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई है। प्रदेश के पूर्णिया जिले में एक महिला के डायन होने के शक में उसे और उसके परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। पांचों रविवार रात से ही रहस्यसमी ढंग से लापता थे। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड संख्या 10 का है। इसी गांव में रहने वाले बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य लोगों को जिंदा जला दिया गया

मृतक बाबू लाल उरांव का 16 साल का बेटा खुद घटना का चश्मदीद गवाह है। वारदात के बाद से घर के आस-पास रहने वाले सभी लोग अपने घर से फरार हैं। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों को बाबू लाल उरांव की पत्नी पर डायन होने का शक था। इसी के बाद पड़ोसियों ने रविवार देर रात बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य को जिंदा जला कर मार डाला। पुलिस ने घटना की पुष्टि कर दी है, हालांकि इस पर अभी कुछ भी कहने से बच रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना समेत आस-पास के तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है।

### पुलिस 3 लोगों से पूछताछ कर रही

घटनाक्रम के वक्त बाबू लाल उरांव का बेटा किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा और नानी के घर पहुंचा, उसने आंखों देखी नानी को सुनाया, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। चश्मदीद बच्चे को लेकर एसपी स्वीटी सहरावत घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ कर रहे हैं। मृतकों की पहचान 70 वर्षीया मौसमात कातो देवी, 50वर्षीय बाबूलाल उरांव, 40 वर्षीय सीता देवी, 25 वर्षीय मनजीत कुमार और 20 वर्षीय रानी देवी के रूप में हुई है।

## सार-समाचार

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। युवा कांग्रेस लीगल सेल दिल्ली के अध्यक्ष विवेक पुनिया द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक समानांतर शिकायत भी प्रस्तुत की गई है।

### छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था चरमराई : भूपेश बघेल

**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है और राजधानी रायपुर में भी लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। उन्होंने दावा किया कि डेढ़ साल में भाजपा कार्यकर्ता भी असमंजस में हैं कि सरकार किसके नियंत्रण में चल रही है। प्रदेश में स्थिति किसी भी तरह से ठीक नहीं है। राज्य की जनता का भी सरकार से विश्वास उठ चुका है।

### संजोग गुप्ता 'आईसीसी' के नए सीईओ नियुक्त

**दुबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संजोग गुप्ता को अपना सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है। 'आईसीसी' ने नए सीईओ का ऐलान करते हुए कहा, आईसीसी संजोग गुप्ता का स्वागत करता है। वह क्रिकेट की वैश्विक यात्रा को एक परिवर्तनकारी भविष्य की ओर लेकर जाने की तैयारी कर रहे हैं। आईसीसी ने मार्च में वैश्विक भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। उम्मीदवारों में स्पोर्ट्स गवर्निंग बॉडी से जुड़े लीडर्स से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के सीनियर कॉर्पोरेट एग्जीक्यूटिव शामिल थे।

### अवैध रूप से रह रहे 29 लोगों को डिपोर्ट किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 29 विदेशी लोगों को पकड़कर डिपोर्ट किया। इनमें बांग्लादेश, आइवरी कोस्ट, नाइजीरिया, लाइबेरिया, तंजानिया और बेनिन के नागरिक शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये लोग बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे थे, जिससे स्थानीय संसाधनों पर दबाव पड़ रहा था। द्वारका जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने डीसीपी द्वारका अंकित सिंह की निगरानी में यह कार्रवाई की।

लुधियाना में वन-टू-वन : पंजाब के निवेशकों को मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित

## 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा



निवेशकों से बोले- आप यहां भी काम करते रहें, एक-दो फैक्ट्री मध्यप्रदेश में भी लगाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश का आर्थिक तंत्र मजबूत हुआ है। देश में औद्योगीकरण बढ़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है। यहां के उद्योगपतियों ने बड़ी मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लुधियाना में निर्मित ए-वन और हीरो साइकिल्स देश-दुनिया में मशहूर हैं। पंजाब के निवेशक देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख ध्वजवाहक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लुधियाना में हुये इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में यहां के उद्योगपतियों से 15 हजार 606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं, जिससे 20 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा। हमने लुधियाना और पंजाब के उद्योपतियोंत को मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आमंत्रित किया। साथ ही उन्हें मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की औद्योगिक नीतियों से भी अवगत कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मध्यप्रदेश में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र प्रदेश है, जहां पन्ना जिले में हीरा तो शहडोल में आयरन डिपाजिस्ट्स है। बीते दिनों सिंगरौली जिले में सोने की खदानें भी मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को मध्यप्रदेश की रत्नगर्भा भूमि में निवेश करने के लिए आत्मीयता से आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। आइये और मध्यप्रदेश में अपना दूसरा घर बनाईये। उन्होंने कहा कि निवेशक मध्यप्रदेश में जितने चाहें, उतने उद्योग-धंधे लगाएं, सरकार पलक-पावड़े बिछाकर आपका स्वागत करेगी, आपकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग-धंधे लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक भूमि, बिजली, पानी, कुशल कार्यशक्ति सब उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और पंजाब दोनों भाइयों की तरह हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मप्र में पंजाब जैसी ही अनंत संभावनाएं : मंडलोई

सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने देश के दिल मध्यप्रदेश में सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश के विकास की झलक पंजाब में दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ल्ड क्लास लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। पंजाब के जैसे ही मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं। पंजाब के निवेशकों के लिए मध्यप्रदेश लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटी बन सकती है।

### उद्योगपतियों को प्रदेश की नीतियों से कराया अवगत

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश तकनीक के क्षेत्र में तेजी से बढ़ता राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पूरा ध्यान राज्य के औद्योगिकीकरण पर है। मध्यप्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं हैं। प्रदेश में नार्थ, साउथ कॉरिडोर हैं। यहां लॉजिस्टिक की अच्छी सुविधाएं हैं। हमारे पास एक लाख एकड़ से ज्यादा लैंड बैंक है। केंद्र की ओर से उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, धार में पीएम मित्र पार्क, मुरैना में लेदर पार्क और बाबई में इलेक्ट्रिक उपकरण पार्क मिला है। राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास पर केंद्रित 18 नई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं : गुप्ता

चेयरमैन ट्राइडेंट ग्रुप राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि लुधियाना पंजाब का मैनचैस्टर जैसा है। पंजाबियों के हौंसले बुलंद हैं, जो देश-विदेश में जाकर काम कर रहे हैं। हमारे ग्रुप को 10 साल में मध्यप्रदेश से काफी सहायता मिली और आज हम एमपी से दुनिया के 100 देशों में निर्यात करते हैं। मध्यप्रदेश से अच्छा कोई राज्य देश में नहीं है। यहां 5 लाख करोड़ का निवेश अगले तीन साल में पूरा करेंगे। उज्जैन के पास एक इंस्टीट्यूट की शुरुआत करेंगे। पंजाब के जैसे ही मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च पैड है।

### मध्यप्रदेश है ग्लोबल मार्केट के लिये लांच पैड : काजरा

उद्योगपति संजीव कालरा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लुधियाना की धरती पर स्वागत है। हमारी कंपनी ने पीथमपुर में दुनिया की बड़ी ट्रक निर्माण यूनिट लगाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व और विजन से हमें प्रेरणा मिलती है। मध्यप्रदेश को 500 बिलियन की इकोनॉमी बनाने का विजन प्रशंसनीय है। राज्य सरकार जमीन से जुड़े कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम पीथमपुर प्लांट से यूरोप समेत अन्य देशों में निवेश कर रहे हैं। मध्यप्रदेश ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च पैड है। इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है। इंदौर में 300 एकड़ में बना व्हीकल टेस्टिंग ट्रैक हमारी कंपनी ने भी यूज किया है। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि मध्यप्रदेश रेडी टू लीड ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## पंजाब में बस पलटने से 8 की मौत, 32 घायल

- 40 यात्रियों को लेकर हाजीपुर से दसूहा जा रही थी
- एक कार से हुई टक्कर, बस चालक ने नियंत्रण खोया

**होशियारपुर, एजेंसी।** पंजाब में जिला होशियारपुर के तलवाड़ा-दसूहा मार्ग स्थित गांव संघरां के पास सोमवार सुबह हाजीपुर से दसूहा जा रही एक निजी मिनी बस कार से टकरा कर पलट जाने से एक बालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य सवार घायल हो गए। मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि करीब 40 यात्रियों को लेकर बस हाजीपुर से दसूहा जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक कार से टकरा कर बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी।

मृतकों में मां और पुत्री भी शामिल हैं, जिनकी पहचान रज्जू बाला पुत्री अशरफ और मीना पतनी अशरफ अली निवासी बुड्डा मल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को इलाज के लिए दसूहा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। प्रशासन को तुरंत घायलों की मदद करने के निर्देश दिए।

### श्रद्धालुओं की कार हादसे का शिकार, 3 महिलाओं की जान गई

**शहडोल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ जा रहे श्रद्धालुओं की कार आज तड़के हादसे का शिकार हो गई, जिससे तीन महिला यात्रियों की मौत हो गई। ब्योहारी पुलिस सूत्रों ने बताया कि जोरा गांव के पास आज तड़के चार बजे रीवा-अमरकण्टक राजमार्ग पर एक कार के सड़क किनारे वृक्ष से टकराने से 3 महिला यात्रियों गायत्री कँवर, मालती पटेल और इन्दिरा बाई की मौत हो गई। वहीं चार गंभीर घायलों को ब्योहारी अस्पताल ने शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। सूत्रों के अनुसार वाहन सवार यात्री अयोध्या से तीर्थाटन कर वापस छत्तीसगढ़ जा रहे थे कि वाहन वृक्ष से टकरा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा भारत

## ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे : मोदी




**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा है कि इसका मतलब 'सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार ' है। रियो डी जेनेरियो में सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देश सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे और समूह को फिर से परिभाषित करने पर काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत हम सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे...हम ब्रिक्स को फिर से परिभाषित करने की दिशा में काम करेंगे। भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का मतलब होगा सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन तथा नवाचार । उन्होंने कहा कि जिस तरह जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी-20 समूह को व्यापक बनाया और एजेंडे में ग्लोबल साउथ के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी तरह ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वोपरि की भावना से आगे ले जाएगा।

रियो डी जनेरियो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-मलेशिया के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और निवेश व व्यापार संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बहुत अच्छी बैठक थी। मलेशिया भारत के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे विजन महासागर और एक्ट ईस्ट पॉलिसी में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

एडीआर के वकील सिब्बल व सिंघवी ने जल्द सुनवाई की मांग की थी

## बिहार मतदाता सूची मामले में 10 को सुप्रीम सुनवाई

- आयोग के अभियान के खिलाफ कई याचिकाएं हैं दायर
- चुनाव आयोग ने सिर्फ एक महीने की समय सीमा दी है
- आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के मामले को लेकर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर की ओर से दायर याचिका में वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने जल्द सुनवाई की मांग की है। सिब्बल ने कोर्ट में कहा, यह लाखों मतदाताओं का सवाल है। अगर इस कार्रवाई को तुरंत नहीं रोका गया तो इसका असर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी। वकील अभिषेक मुन सिंघवी ने कहा, 8 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ को गणना करनी है। यह नामुमकिन काम है। 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की समय सीमा इतनी सख्त है कि अगर कोई चूक गया, तो उसका नाम सूची से बाहर हो जाएगा। उन्होंने कहा, यह समय सीमा इतनी कम है कि लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही वकीलों ने यह भी मांग की कि इस मामले की सुनवाई आज या कल की जाए, क्योंकि चुनाव आयोग ने सिर्फ एक महीने की समय सीमा दी है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 10 जुलाई (गुरुवार) को करने के लिए राजी हो गया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मतदाताओं को न्याय दिलाने के लिए पहुंचे कोर्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता वोटर सूची में नाम जुड़वाने के लिए परेशान हो रहे हैं और उन्हें आयोग की शर्तों के अनुसार दस्तावेज जुटाने में भारी दिक्कत हो रही है इसलिए लोगों को राहत देने के मकसद से और उनके साथ न्याय की मांग करते हुए इस मुद्दे को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 2 गुजराती 8 करोड़ बिहारियों के वोट छीनने की कोशिश में : लालू

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कराए जा रहे वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। इसको लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से सरकार पर तीखा हमला बोला है। लालू प्रसाद ने एक्स पर लिखा, दो गुजराती ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## कृषि विज्ञान केंद्र में पहुंचे कामधेनु आयोग के सदस्य राम रघुवंशी



**बनखेड़, देशबन्धु।** भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार एवं कामधेनु आयोग के सदस्य राम रघुवंशी का रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर में आत्मीय स्वागत किया गया। अपने दौरे की शुरुआत में उन्होंने केंद्र में संचालित गौ अनुसंधान केंद्र में पहुंचकर विधिवत रूप से गौ माता की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री रघुवंशी ने केंद्र की विभिन्न उत्पादन इकाइयों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन व ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में केंद्र की भूमिका की सराहना की और कहा कि यह केंद्र जैविक खेती और गौसंवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है, जो ग्रामीण अंचल के लिए प्रेरणास्पद है।कार्यक्रम में न्यास के प्रबंधक धर्मेन्द्र गुर्जर, सदस्य अनिल बारौलिया एवं केंद्र के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने श्री रघुवंशी का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से स्वागत कर उनके अनुभवों से लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह के लिए 15 तक स्वीकार किए जाएंगे प्रस्ताव

**इटारसी, देशबन्धु।** विपिन जोशी स्मारक समिति द्वारा 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 25 के प्रस्ताव 10 जुलाई से 15 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे। उक्त जानकारी समिति अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। श्री साहू ने बताया कि प्रायोजकों के विशेष सहयोग से आयोजन का यह 41 वॉ वर्ष है। समिति के संस्थापक संरक्षक प्रमोद पगारे के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह हेतु पूरे देश से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है। समिति के सचिव विनीत चौकसे एवं कोषाध्यक्ष नीरज जैन ने बताया कि प्रविष्टियों को ऑनलाइन के साथ-साथ हार्ड कॉपी में निर्धारित प्रारूप और सहपत्रों की फोटोकॉपी के साथ साहू लॉ चैंबर पांच जनपथ सराफा बाजार इटारसी पिन 461111 में 15 अगस्त 25 के पूर्व विचार हेतु प्राप्त होना आवश्यक है।

# मूसलाधार बरसा पानी, गलियां जलमग्न, सड़कों पर बही नदियां

### पिछले 36 घंटे में बांध के जलस्तर में 8 फिट से अधिक की बढ़ोतरी हुई, सब जगह पानी ही पानी





**इटारसी/ सोहागपुर, देशबन्धु।** मूसलाधार बारिश के कारण इटारसी की गलियों और सड़कों सहित निचली बस्तियों में काफी देर तक स्थिति गंभीर हो गयी। शहर के बाजार सहित लगभग सभी मोहल्लों में झमाझम बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर जाने से आवागमन बाधित रहा। नई गरीबी लाइन के अंडरपास में ज्यादा पानी होने से यहां से वाहनों का निकलना बंद हो गया। कुछेक लोगों ने अवश्य जिद करके अपनी जान जोखिम में डालते हुए वाहन निकाले।

भारी वर्षा के कारण अवाम नगर, बंगलिया, ग्वाल बाबा मेहरागांव नदी, न्यास कालोनी, एमजीएम कालेज चौराह पर पार्षद अमित विश्वास की दुकान में, आरएमएस आफिस रोड की दुकानों, जवाहर बाजार की दुकानों, पुरानी इटारसी के निचले क्षेत्रों और सड़कों पर नगर पालिका परिसर की दुकानों, लाइन एरिया, राधाकृष्ण मार्केट, गांधी स्टेडियम के पास की दुकानें, देशबंधुपुरा, गांधीनगर, पुरानीइटारसी में श्रीकृष्णा विहार कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र में भी जलभराव हो गया है। भारी बारिश के बाद नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने नगर पालिका अमले के साथ निचली बस्तियों का दौरा करके पानी निकासी के प्रयास किये।

### अध्यक्ष ने लिया बस्तियों का जायजा



नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर का दौरा किया और बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों को समझने लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहद तेज बारिश से जलभराव की स्थिति बनी है और इसके बाद बारिश का पानी तेजी से निकल भी रहा है। पुरानी इटारसी में स्थिति जल्दी सामान्य हो रही है, सूरजगंज एरिया में पानी निकलने में थोड़ा वक्त लग रहा है।

उन्होंने कहा कि राहत की बात यह है कि अभी शहर के समीप से निकलने वाली पहाड़ी नदियों में पानी नीचे बह रहा है, इसलिए हालात गंभीर नहीं हुए हैं। उन्होंने पुरानी इटारसी, नाला मोहल्ला, एलकेजी कालोनी एरिया, राठी दाल मिल, सूरजगंज आदि क्षेत्र में दौरा कर जलभराव की स्थिति का आकलन करके अमले को राहत कार्य के निर्देश दिये हैं।



### व्यवस्था बनाने प्रशासन निकला शहर में...

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने सफाई विभाग अमले के साथ नगर की अनेक बस्तियों में दौरा किया। उनकी टीम ने काबड़ मोहल्ला, पिंक सिटी के पास स्थित नाला, सनखेड़ा नाका, अवाम नगर, ओझा बस्ती, नई गरीबी लाइन, एमजीएम कालेज चौराह, नदी एरिया मालवीयगंज, नाला मोहल्ला क्षेत्र में दौरा किया और जहां जलभराव की स्थिति थी, वहां सफाई अमले को निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पहाड़ों पर हुई तेज बारिश से तवा बांध में 36 घंटे में 8 फिट पानी बढ़ गया है। पिछले 36 घंटे में बांध के जलस्तर में 8 फिट से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। रविवार को सुबह 6 बजे बांध का जलस्तर 1125 फिट था जो आज सुबह 6 बजे 1130.40 और दोपहर 12 बजे 1130.90 हो गया था। सोमवार की शाम 6 बजे बांध का जलस्तर 1133.30 फिट था। तवा में आज दिन में 47.80 मिमी वर्षा हुई और अब तक 306.40 मिमी वर्षा हो चुकी है, तवा में अभी 29.77 प्रतिशत जलभराव हो गया है। बांध में बैतूल जिले के अलावा छिंदवाड़ा के कुछ हिस्से में होने वाली बारिश से तवा के जलस्तर में इजाफा होता है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों 7,8 एवं 9 जुलाई को नर्मदापुरम, बैतूल और छिंदवाड़ा जिले में गरज-चमक के साथ बहुत भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवाएं भी चल सकती हैं। इसके अलावा 10 एवं 11 जुलाई को गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने का यलो अलर्ट है। इन जिलों में बारिश होने से आगामी दिनों में तवा बांध के जलस्तर में और तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

### बरसात में जरूरतमंदों के भोजन की खाटू श्याम रसोई ने की विशेष तैयारी, नपाध्यक्ष की भी नजर

**इटारसी, देशबन्धु।** बरसात के मौसम में शहर में कहीं जलभराव, बाढ़ या अन्य आपात स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए खाटू श्याम रसोई ने विशेष तैयारी की है। रसोई संचालकों ने यह सुनिश्चित किया है कि इटारसी में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। जरूरत पड़ने पर लगातार भोजन एवं राहत सामग्री जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी। खाटू श्याम रसोई विगत वर्षों से जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। आपदा की स्थिति में इस सेवा को और अधिक सक्रिय करने हेतु स्वयं सेवकों की टीम और संसाधनों की तैयारी पूरी कर ली गई है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि जहां एक ओर शासन द्वारा दीनदयाल रसोई योजना चलाई जा रही है, वहीं जनता सहयोग से संचालित खाटू श्याम रसोई भी लगातार सामाजिक सरोकार निभाते हुए किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि सिर्फ भोजन ही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर राहत सामग्री भी जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी। इसी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी बरसात के इस मौसम में संभावित समस्याओं को लेकर सतर्कता बनाए रखी है।

# मूसलाधार बारिश से घरों में भराया पानी, मुख्य सड़कें डूबी, प्रतिमाएं खराब

### एस एच 22 गिरा नीम का पेड़ रास्ता हुआ जाम वाहनों की लगी लंबी कतार, आवागमन बाधित

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोमवार को नगर में जोरदार बारिश हुई जो लगातार जारी है जिसके चलते मुख्य मार्ग सहित लोगों के घरों में पानी भर गया बरसात का सिलसिला रविवार रात से प्रारंभ हुआ जो लगातार जारी है । आगामी त्योहार गणेश भगवान एवं मां दुर्गा की मूर्तियों की तैयारी करने वाले कलाकारों के घर में भी पानी भर गया, जिससे उनकी निर्माण अधीन मूर्तियां खराब हो गई । कच्ची सामग्री मिट्टी, धान का प्यार, बांस सहित अन्य सामग्रियां खराब हो गई, बरसात के पूर्व नाले और नालियों की सफाई नहीं की



गई। जिसके कारण स्थिति खराब हो रही है नागरिक कौन है नगर परिषद से व्यवस्था बनाने की मांग की है । जहां-जहां सड़कों और घर में पानी भर गया है वहां पानी भरने के कारण नागरिकों में काफी गुस्सा देखा जा रहा है। शोभापुर में काई कालोनियों में पानी भर गया है । बिजली ऑफिस के सामने एस एच 22 मार्ग वाली पुलिया, सोहागपुर सी एम राइज स्कूल के सामने, रामगंज मोड, गौतम वार्ड, अम्बेडकर वार्ड सुभास वार्ड, रामप्रसाद वार्ड,सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी घरों में पानी भर गया ।

### पलकमति नदी उफान पर, रपटे के ऊपर बहा पानी

पलकमति नदी उफना गई है। पानी इतना है कि रपटे से उपर से बह रहा है। नगर के बीचोंबीच बहने वाली पलकमती नदी उफान पर आ गई और मुख्य बाजार में स्थित रपटे के ऊपर से पानी बहने लगा जिससे आसपास के पुलिओ के ऊपर से पानी बहने लगा है । नदी के आसपास रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया साथ में सब्जी मंडी में भी पानी भर गयाउधर, सेमरी हरचंद में एस एच 22 पर ही नीम का बड़ा पेड़ गिर गया। जिससे यातायात बंद हो गया और काफी देर तक वाहनों की लम्बी कतार लगी रही ग्राम पंचायत द्वारा जेसीबी बुलवाकर नीम के पेड़ को हटाया गया तथा पेड़ को काटकर रास्ता साफ किया गया । वहीं धान के खेतों में पानी भर गया। कुल मिलाकर 24 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

# छीपाबड़ में एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा गया तस्कर, 3.80 लाख की मादक सामग्री जब्त



**छीपाबड़,देशबन्धु।** जिले में लगातार बढ़ते नशे के कारोबार पर थाना छीपाबड़ पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32.37 ग्राम एमडी ड्रग्स समेत कुल 3.81 लाख रुपये से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की गई है। 6 जुलाई की सुबह करीब 10.40 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की मोटरसाइकिल पर तालाब क्षेत्र में घूम रहा है। तत्काल रेड कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन कच्चे रास्ते से भाग रहे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

### यह मिला आरोपी के पास से

पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम विष्णु प्रसाद पिता हरिप्रसाद जाट (उम्र 54 वर्ष), निवासी सन्नोद, थाना खातेगांव, जिला देवास बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 32.37 ग्राम एमडी ड्रग्स (अनुमानित कीमत 3,20,000 और अन्य सामान मिला। पूरे अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी आर.पी. कवरेती द्वारा किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय खिरकिया में पेश किया गया।

# मोहर्रम पर निकाले ताजिये, राजा शीशगर का ताजिया रहा आकर्षण का केंद्र

**सोहागपुर,देशबन्धु।** इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व पर रविवार को नगर में ढोल-ताशों की मातमी धुनों के बीच ताजियों के जुलूस निकाले गए। यह जुलूस शहर के अम्बेडकर वार्ड, सुभाष वार्ड, गांधी वार्ड, रामगंज वार्ड, सरदार वार्ड, किलापुरा वार्ड, रेस्ट हाउस से ताजिये निकले। सभी ताजिये अपने-अपने ईमाम बारगाह से मुख्य मार्ग होते हुए पुराने थाने के पीछे हुसैनी चौक पहुंचे। जहां रात भर अकीदतमंदों ने ताजिये की जियारत कर लोभान छोड़ा। वही इस दौरान अखाड़े का भी जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद शहर की तमाम सवारियों ने अपने काफिले के साथ ताजियों की जियारत की। वही अगली सुबह 10 बजे समस्त ताजिये नर्मदापुरम-पिपरिया मुख्य मार्ग होते हुए अखाड़े के शानदार प्रदर्शन



के साथ आवकारी चौक पहुंचे, सुबह से ही हो रही मूसलाधार बर्षा के बाद भी उत्साह से जुलूस निकाला गया। जहां ताजियों के जुलूस के मद्देनजर 2 घंटे तक यातायात भी प्रभावित रहा। वहीं मुस्लिम घरों में विशेष व्यंजन 'हलीम' तैयार किया गया, जिसमें कई अनाज और दालें मिलाई जाती हैं। मोहर्रम की 9वीं और 10वीं तारीख को मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और इबादत में समय बिताते हैं। मोहर्रम का पर्व शांति पूर्वक सम्पन्न होने पर मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष वसीम खान द्वारा प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।-

### किसान कांग्रेस की किसान हितैषी मांग, उठाया सवाल

## 30 केंद्रों पर 22 दिन में कैसे होगी मूंग की खरीदी, इसके लिए बढ़ाए जाएं खरीदी केंद्र : मोहन विश्नोई

**खिरकिया, देशबन्धु।** जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को लेकर एक बार फिर किसान संकट में नजर आ रहे हैं। सरकार द्वारा 7 जुलाई से 8 अगस्त तक मूंग की खरीदी की घोषणा की गई है, लेकिन ज़मीनी हकीकत बेहद चिंताजनक है। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन बिश्नोई ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सवाल उठाया है कि आखिर मात्र 22 दिन में 40 हजार किसानों की उपज कैसे खरीदी जा पाएगी?



**स्लॉट बुकिंग नहीं हो रही, किसान परेशान:** बिश्नोई ने कहा कि पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग बंद है, जिससे किसान लगातार भटक रहे हैं। 30 खरीदी केंद्रों पर पूरे जिले के किसानों की उपज खरीदी संभव नहीं है। ऐसे में हजारों किसान अपनी फसल बेचने से वंचित रह जाएंगे, जो कि सीधे तौर पर सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

**तत्काल खरीदी केंद्र बढ़ाएं, पोर्टल चालू करें:** किसान कांग्रेस की प्रमुख मांग है कि खरीदी केंद्रों की संख्या दोगुनी की जाए और पोर्टल को तुरंत पुनः चालू कर स्लॉट बुकिंग शुरू की जाए। इसके साथ ही खरीदी की निर्धारित समय-सीमा भी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि हर किसान को अपनी उपज बेचने का मौका मिल सके।

**बारिश में बढ़ रही परेशानी, जरूरी हैं इंतजाम:** बरसात के मौसम में किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। खरीदी केंद्रों पर शेड, पानी, बैठने की व्यवस्था और तुलाई की व्यवस्था सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को भीगती फसल और नुकसान से बचाया जा सके।

# रनिंग स्टाफ को सेफ्टी एवं फैमिली सेमीनार में दी महत्वपूर्ण जानकारी

**इटारसी, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इटारसी में रनिंग स्टाफ एवं उनके परिवारजनों के लिए सेफ्टी सेमीनार एवं फैमिली संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में एवं डॉ. अभिषेक सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 90 रनिंग कर्मचारी अपने परिवारजनों सहित शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। सेफ्टी सेमीनार में वर्तमान में लागू सभी सेफ्टी ड्राइव जैसे स्क्ष्ठ एवं माइक्रो स्लीप से बचाव, मानसून सावधानियां, शंटिंग एवं रोलिंग डाउन से बचाव, लोड की स्टैबलिंग आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सचिन शर्मा ने सुरक्षित गाड़ी संचालन से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी और कर्मचारियों को सावधानी से कार्य करने हेतु जागरूक किया।

फैमिली संवाद में डॉ. अभिषेक सोनी ने उपस्थित परिजनों को नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार एवं योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय बताए। इस अवसर पर रनिंग स्टाफ के परिजनों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें उनके जीवनसाथी की कार्यप्रणाली से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर






देने वाले प्रतिभागियों को वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर द्वारा तत्काल पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि रनिंग स्टाफ एवं उनके परिवारजनों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका यथोचित समाधान भी मौके पर ही किया। उपस्थित बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी वितरित किए।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि, रेल प्रशासन कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को न केवल जागरूकता मिलती है बल्कि कार्यस्थल पर उनकी दक्षता एवं आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य लोको निरीक्षक मनीष सक्सेना ने उपस्थित अतिथियों एवं समस्त रनिंग स्टाफ परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग एवं सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### 9 जुलाई को आयोजित की जाएगी संभागीय समीक्षा बैठक, पहुंचना जरूरी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बुधवार 9 जुलाई को संभागायुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग के सभाकक्ष में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड गृह निर्माण मंडल, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ऊर्जा विभाग एवं नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संभागायुक्त के जी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी एवं प्रगति रिपोर्ट के साथ अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 7.4 मि.मी. औसत वर्षा, सब तरफ पानी-पानी

**हरदा , देशबन्धु।** जिले में गत चौबीस घंटों में 7.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 9.7 मि.मी., टिमरनी में 17.6 मि.मी., खिरकिया में 4.8 मि.मी., सिराली में 2.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 291.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 243.6 मि.मी., टिमरनी में 388.6 मि.मी., खिरकिया में 345.8 मि.मी., सिराली में 280.2 तथा रहटगांव में 199.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 7 जुलाई तक 155.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### कलेक्टर ने बीएलओ व सुपरवाइजर्स के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में चल रहे बीएलओ व सुपरवाइजर्स के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने के लिये बीएलओ की क्षमता वृद्धि हेतु सभी बूथ लेवल आफिसर्स का विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान बताया कि 7 से 10 जुलाई के मध्य जिले की विधानसभा हरदा अंतर्गत 274 तथा टिमरनी अंतर्गत 243 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### खाद्य प्रतिष्ठानों से तेल, घी, पास्ता व आलू मसाला के नमूने लिये



**हरदा , देशबन्धु।,** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने सोमवार को हरदा के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान हरदा के श्रीराम ऑयल से तेल का सैंपल लिया। इसके अलावा अपना बाजार से घी के 3 सैंपल, श्रीनाथ चाइनीज़ पाव भाजी से पास्ता व मंचूरियन बॉल तथा पलक चाइनीज़ एंड ज्यूस सेंटर से आलू मसाला व सांभर के सैंपल लिए। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# कमिश्नर के सभी कलेक्टरों को निर्देश: ध्यान रहे बारिश में कोई जनहानि ना हो, सतर्क रहें

## देहदान करने वालों के परिजनों को 15 अगस्त को सम्मानित किया जाए, कमिश्नर ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, कानून व्यवस्था बनी रहे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों में हो रही लगातार बारिश की सभी कलेक्टर निरंतर मॉनिटरिंग करें। लगातार हो रही बारिश से किसी भी प्रकार की जनहानि ना हो, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। अधिकारियों की टीम निरंतर बारिश ग्रस्त क्षेत्र में गश्त एवं पेट्रोलिंग करती रहे। बारिश के दौरान सांप निकलने, जर्जर मकानों के गिरने एवं घरों में पानी घुसने जैसी घटनाएं होती हैं, इस दौरान यदि कोई दुर्घटना होती है तो ऐसी घटनाओं में तत्काल पीड़ितों को राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए। बारिश के दौरान अतिक्रमण हटाने में भी पूरी संवेदनशीलता रखी जाए। बारिश में यथासंभव अप्रिय घटनाओं को टाला जाए। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने उक्त निर्देश सोमवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल कलेक्टर को दिए।

कमिश्नर ने निर्देश दिए की संभाग के सभी जिलों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे। उन्होंने श्रावण मास, मोहर्रम, मूंग उपार्जन, नागद्वारी मेला एवं खाद्य वितरण के दौरान सभी व्यवस्थाएं एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे देहदान या अंगदान करने वाले नागरिकों के सम्मान के दृष्टिगत देहदान एवं अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों को 15 अगस्त को सम्मानित करें। कमिश्नर ने कहा कि जो व्यक्ति हृदय, लीवर एवं किडनी का दान कर रहा है उनके परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। कमिश्नर ने ऐसे व्यक्तियों के परिजनों को प्राथमिकता से चिन्हित करने के निर्देश दिए।




### न रुकें विकास के काम

शासकीय प्रयोजनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, छात्रावास, कॉलेज एवं अन्य शासकीय भवन बनाने के लिए यदि भूमि की आवश्यकता है तो सभी कलेक्टर तत्काल भूमि आवंटन करने की प्रक्रिया प्रारंभ करें और प्राथमिकता से भूमि आवंटित करें। कमिश्नर ने कहा कि शासकीय योजनाएं एवं विकास के कार्य रुकने नहीं चाहिए। उन्होंने श्री अन्न फसलों के रकबे की वास्तविक स्थिति पता लगाने के निर्देश दिए और कहां की सभी तहसीलदार एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी बैठकर सर्वेयर को उद्यानिकी फसलों का रकबा दिखाएं, इससे श्री अन्न की फसलों के रकबे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए की इस वर्ष श्री अन्न फसलों की गिरदावरी भी की जानी है, इसके लिए श्री अन्न फसलों का वास्तविक रकबा कितना है यह पता लगाने के लिए उद्यानिकी विभाग से श्री अन्न फसलों के रकबे की एफिडेविट अनिवार्य रूप से ली जाए।

### ई ऑफिस सिस्टम पर फोकस

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह अपने जिले में स्थित धर्मस्य विभाग की परिसंपत्तियों की वर्तमान वस्तु स्थिति की जानकारी के लिए जिला स्तर से एक दल गठित कर जिले में स्थित परिसंपत्तियों का मौका निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की संभाग एवं जिला स्तर पर ई ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन के लिए एक टेक्निकल मैन पावर को नामांकित या नियुक्त किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि हर घर कनेक्शन की संख्या बढ़ाते हुए इसे 31 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण किया जाए और जहां-जहां नल कनेक्शन किये जा रहे हैं उसकी जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने नजूल लीज नवीनीकरण, भू अर्जन, वन व्यवस्थापन सहित अन्य राजस्व प्रकरण एवं राजस्व संग्रहण, राजस्व अभिलेख के कार्य की प्रगति तथा आरसीएमएस पोर्टल पर रीडर एवं पीठासीन अधिकारी के आईडी पर लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

कमिश्नर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में गति लाने के निर्देश दिए। अब तक 16 हजार 600, हरदा जिले में 14 00, और बैतूल में 22 हजार 134 पौधे लगाए गए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी लगाए गए पौधों के साथ फोटो खींचकर वायुदूत एप पर अपलोड किया जाए।

### पौधों की काउंटिग नहीं होगी

उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लगाए जाने वाले पौधों की काउंटिंग नहीं की जाएगी। अतः उन्होंने इन सभी वर्गों को पौधों लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा की लगाए गए पौधों की पर्याप्त देखभाल भी की जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की स्थिति में अब तक हुए सुधार की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। कमिश्नर ने निर्देश दिए की मुख्य सचिव के द्वारा गत माह दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन प्राथमिकता से भिजवाया जाए। उन्होंने 10 जुलाई को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए मत्स्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को दिए जाने वाले मोटरसाइकिल वेंडिंग यूनिट के वितरण की तैयारी की समीक्षा की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर श्री नरेंद्र सूर्यवंशी, हरदा कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ऑनलाइन एवं संयुक्त आयुक्त विकास श्री जी सी दोहर ऑफलाइन उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने युवक का अपहरण कर पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत

## परिजनों एवं सर्व समाज के लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव कर सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन

**हरदा, देशबन्धु।** चौबे कॉलोनी निवासी मोहित गौर को रुपयों के लेनदेन को लेकर 6 लोगों ने अपहरण कर जंगल ले गए और बेरहमी से पिटाई की। घायल युवक की इंदौर मे उपचार के दौरान मौत हो गई।मृतक मोहित गौर के परिजनों एवं सर्व समाज के लोगों ने सोमवार को एकत्रित होकर कोतवाली थाने का घेराव कर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आरोपियों को फांसी और उनकी अवैध संपत्ति कुर्क कर पीड़ित परिवार को आर्थिक राहत दिए जाने आदि की मांग की।वहीं पुलिस और नगर पालिका अमले ने आरोपी यूनुस के घर के सामने रखी गुमटी हटाई और चबूतरे को तोड़ा।




### यह था मामला

शहर की चौबे कॉलोनी निवासी मोहित गौर उम्र 26 वर्ष को 29 जून को गुर्जर बोर्डिंग के पास से आरोपी युनूस उर्फ कुटु, शाहरुख, नागेश, फैजान, हेमर और विवेक ने मोहित का अपहरण कर गाड़ी की डिक्की मे हाथ पैर बांधकर जंगल ले गए जहां बेरहमी से पिटाई की और लाइटर से जगह जगह दागा। इसके बाद वापस हरदा रेलवे स्टेशन के पास सूने मकान मे लाकर मोहित के बेहोश होने तक पीटते रहे । इसके बाद सभी आरोपी वहां से भाग गए। होश आने पर घायल मोहित ने अपने पिता को सूचना दी। मोहित इतना डर गया था कि उसने दो दिनों तक ना तो पुलिस को सूचना दी और ना ही ईलाज करवाया। दर्द ज्यादा होने पर पिता की समझाइश के बाद 2 जुलाई को मोहित ने जिला अस्पताल पहुंचकर ईलाज करवाया। जिसके बाद पुलिस ने मोहित की शिकायत पर 6 लोगो पर मामला दर्ज किया। मोहित की हालत गंभीर होने के कारण उसे इंदौर रेफर किया गया। जहां रविवार देर रात मोहित की उपचार के दौरान एम वाय अस्पताल मे मौत हो गई। वही एक दिन पूर्व सिटी कोतवाली पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन आरोपी युनूस उर्फ कुटु, शाहरुख और नागेश को गिरफ्तार कर शहर मे जुलूस निकालकर कोर्ट पेश किया जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया।

इधर मोहित ने मारपीट के बाद और मरने से पहले एक वीडियो बनाया था जिसमे उसने अपनी आप बीती बताई थी। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि युनूस, शाहरुख़, नागेश सहित अन्य तीन और लोगो ने मोहित को गुर्जर बोर्डिंग से अपहरण कर जंगल ले जाकर एवं शहर मे मारपीट की । मोहित की शिकायत पर 6 लोगो पर मामला दर्ज कर जांच मे लिया गया था। रविवार को तीन आरोपी युनूस, शाहरुख़, नागेश को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हे जेल भेज दिया गया अभी तीन आरोपी फरार है।

# अब निजी चिकित्सक देंगे संजीवनी क्लिनिकों पर अपनी-अपनी सेवाएं

## कलेक्टर ने निजी चिकित्सकों से की चर्चा



**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के निजी चिकित्सकों से हरदा शहर के संजीवनी क्लिनिकों व पॉली क्लिनिक में अपनी सेवाएं देने के लिये चर्चा की। बैठक में निजी चिकित्सकों द्वारा भी संजीवनी क्लिनिकों पर अपनी सेवाएं देने के लिये सहमति व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित निजी चिकित्सालय के चिकित्सक उपस्थित थे। बैठक में स्त्री रोग विशेषज्ञ रेवा नर्सिंग होम डॉ. मंजूषा पराते ने प्रति गुरूवार प्रातः 10 से 12 बजे तक हरदा शहर के वार्ड क्र. 34 विकास नगर स्थित मुख्यमंत्री संजीवन क्लिनिक में अपनी सेवाएं देने के लिये सहमति व्यक्त की। इसी प्रकार स्त्री रोग विशेषज्ञ मानकर नर्सिंग होम डॉ. यामिनी मानकर ने प्रति गुरूवार प्रातः 10 से 12 बजे तक हरदा के वार्ड क्र. 31 बैरागढ़ स्थित संजीवनी क्लिनिक, डॉ. एम.एस. सेंगर एम.डी. मेडिसीन ने प्रति सोमवार प्रातः 10 से 12 बजे तक बैरागढ़ स्थित संजीवनी क्लिनिक, स्त्री रोग विशेषज्ञ बघेल हॉस्पिटल डॉ. यशली ठाकुर ने प्रति शुक्रवार प्रातः 10 से 12 बजे तक विकास नगर स्थित संजीवनी क्लिनिक तथा डॉ. राजेश गुर्जर एम.डी. मेडिसीन ने प्रति गुरूवार प्रातः 10 से 12 बजे तक दूध डेयरी हरदा स्थित संजीवनी पॉली क्लिनिक में अपनी सेवाएं देने के लिये सहमति व्यक्त की है।

### अवैध रूप से शराब बेचने पर मामला दर्ज किया

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के हंडिया क्षेत्र के ग्राम बैड़ी, रेलवा, दोंगली घाट, पचौला, उडांल, नयापुरा व साल्याखेड़ी में दबिश दी। दबिश के दौरान 34 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब तथा 680 किलो महुआ लाहन जप्त कर 6 प्रकरण दर्ज किये।

### नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिये इच्छुक पालक आगामी 29 तक करें आवेदन

**हरदा, देशबन्धु।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चारूवा की कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये निःशुल्क पंजीयन प्रारम्भ हो चुके है। प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चारूवा ने बताया कि वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 29 जुलाई है। उन्होने बताया कि इस परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदक विद्यार्थी की जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए। आवेदन हरदा जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा हरदा जिले के किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2025 में कक्षा 5 वीं में उत्तीर्ण किया जाना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिये विद्यार्थी को 3री, 4थी और 5 वीं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी या उनके पालक स्कूल में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### जिला परामर्शदात्री समिति की मीटिंग संपन्न

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** सोमवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ द्वारा विभिन्न कर्मचारी संघों द्वारा लंबित मांगों के आवेदन के संदर्भ में समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संयुक्त संचालक श्रीमती गेदाम ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण



**हरदा देशबन्धु।,** संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मोहनी गेदाम ने सोमवार को हरदा में संचालित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती सीमा जैन भी उपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के परियोजना अधिकारी, ब्लाक समन्वयक व जिला समन्वयकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने बैठक में पोषण ट्रेकर एप पर एन्ट्री के कार्यों की भी समीक्षा की। श्रीमती गेदाम ने बैठक में निर्देश दिये कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत जिले की सभी आंगनवाड़ियों में 5-5 पौधे लगाएं तथा पौधरोपण की फोटो वायू दूत पर अपलोड करें। उन्होने सभी सुपरवाइजर को स्वयं फील्ड में जाकर पौधरोपण कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिये।


## आवश्यकता है

**पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर** में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों के अनुसार कॉलेज कोड 28 के तहत् निम्न पदों पर योग्य व्यक्ति नियुक्त किये जाने हैं।

| विषय | पद | विषय | पद |
|---|---|---|---|
| 1. अंग्रेजी | 01 | 7. जीव विज्ञान | 01 |
| 2. इतिहास | 01 | 8 रसायन शास्त्र | 01 |
| 3. अर्थशास्त्र | 01 | 9. भौतिक शास्त्र | 01 |
| 4. वाणिज्य | 02 | 10. पीजीडीसीए/ एम.एससी (सीएस) | 02 |
| 5. गणित | 02 | | |
| 6. वनस्पति शास्त्र | 01 | 11. बीबीए/एमबीए | 02 |

**सभी पदों पर आवेदन देने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 है।**

**संपर्क :- पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय**
**सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम ( म.प्र. ) पिन 461771**

**सचिव**
**सोहागपुर शिक्षा समिति, सोहागपुर**


# गंभीर मरीजों को रेफर करने पीएम श्री एम्बुलेंस सेवा प्रदेश सहित जिलों में संचालित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत ने बताया कि उक्त सेवा के संचालन एवं अत्यंत गंभीर रोगियों / दुर्घटना पीड़ितों को विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु देश में उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में त्वरित परिवहन किये जाने हेतु मरीजों को रेफर किया जाता है।



जिले में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के सुचारू संचालन हेतु सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले एवं प्रवीण चौधरी सहायक ग्रेड 2 सीएमएचओ कार्यालय को नामांकित किया है, सीएमएचओ कार्यालय के आदेशानुसार

संबधित अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि शासन के नियमानुसार गंभीर मरीजों को पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ त्वरित दिलाया जाना सुनिश्चित करें।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत अत्यंत गंभीर रोगियों/दुर्घटना पीड़ितों को विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु देश के उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में त्वरित परिवहन किया जा सकेगा। उक्त सेवा के संचालन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

### योजना का लाभ हेतु निर्धारित पात्रता

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत निःशुल्क अथवा सशुल्क एयर परिवहन सुविधा प्राप्त किये जाने हेतु इस प्रकार पात्रता निर्धारित की गयी है। आयुष्मान कार्डधारी रोगी के उपचार हेतु राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में उपचार हेतु निशुल्क परिवहन किया जाएगा। अन्ये रोगी जो कि आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं. उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर स्थित शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा से पीड़ित को चच्य के अंदर एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निःशुल्क परिवहन किया जाएगा। तत्कालिक चिकित्सा प्रबंधन हेतु (दुर्घटना के प्रकरण) दुर्घटना अथवा अन्य आपदा की स्थिति में रोगी दुर्घटना पीड़ितों को संभाग के अंदर के उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के लिए त्वरित हवाई परिवहन सुविधा प्रदाय किये जाने हेतु संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर द्वारा रोगी / पीड़ित को एयर एम्बुलेस सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। दुर्घटना अथवा अन्य आपदा की स्थिति में रोगी अथवा पीड़ित को संभाग के बाहर उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य आयुक्त की अनुमति आवश्यक होगी।

### योजना की रूपरेखा: गंभीर रोगी को अच्छी चिकित्सा के लिए एयरलिफ्ट करेगी

एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत 01 हेली एम्बुलेंस एवं 01 फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस संचालित होंगे, जो कि प्रदेश के सभी जिलों के नागरिकों की सेवा में तैनात होंगे। उक्त् एयर एम्बुलेंस सेवा में सेवा प्रदाता संस्था के माध्यम से उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम हमेशा तैनात रहेगी, यह सेवा चिकित्सा हेतु आपात स्थिति निर्मित होने पर गंभीर रोगी / दुर्घटना पीड़ित की स्थिति को स्थिर कर उच्चतय चिकित्सा केन्द्रों तक एयरलिफ्ट करेगी। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा में प्रयुक्त हेलीकॉप्टर का संचालन दिन के समय होगा. जोकि आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न हवाई अड्डों से मध्यप्रदेश के किसी भी स्थान पर पहुंचने में सक्षम है। फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग आई.सी.यू. विमान राज्य के मौजूदा सभी हवाई अड्डों एवं हवाई पट्टी से जुड़ा रहेगा। उक्त सेवा का संचालन भोपाल स्थित कमांड सेंटर से किया जायेगा जिसका समन्वय 108 एम्बुलेंस कॉल सेंटर से रहेगा।

**Notice to show cause**
**(General Form) (Sch. 1. App. Form-4)**

Process Paid Rs. 15
Date: 07/07/2025.
Shri. M. M. Mahajan. Adv.

**IN THE COURT OF THE MEMBER, MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, ICHALKARANJI. AT-SANGLI.**

MAC. Application. No. 113/2022.
EXH. No. 26

1.**Smt. Rupali Sambhaji Patil,** Age. 48 years, Occu. House hold. R/o. Tung. Dalavi Galli, Tal. MIraj, Dist. Sangli......... **Applicants**

V/s.

3.**Santosh Nanulal Dhurave,** Age. Major, Occu. Driver, R/o. Bela. Tehsil. Chicholi, Dist. Betul, State. Madhya Pradesh....**Opponents.**

To
The Opponent No. 3 resides as above.

Whereas the above named petitioners has made an application to this court, as per Sec. 166 and 140 of Motor Vehicle Act. 1988. You are hereby warned to appear in his court in person or by a Pleader duly instructed on the date of 13-08-2025 at 10:30 a.m. in the forenoon, to show cause against the said application failing in wherein, the said application will be heard and determined ex-party.

If you are intend to file written statement you must file it within 30 days or in extended period U/o. 8 Rule 1 of C.P.C. Also take notice in default of your filing on address for service on or before the date mentioned, you are liable to have defense stuck out If you have insufficient funds to meet out the court expenses and your income is not more than Rs. 20,000/- per year and you want to defend through an Advocate or legal practitioner, you can do so, through the Legal Aid Committee, which is at your District or Taluka place.

Given under my hand and the seal of the Tribunal this day of 07-07-2025.

Jr. Clerk. Seal **Asstt. Supdt.**
**Dist. Court. Sangli.**

देशबन्धु

नर्मदापुरम , मंगलवार 8 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# कंगना और प्रियंका

हिमाचल प्रदेश इस समय भारी बारिश से मची तबाही से जूझ रहा है। कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने आम आदमी की जान सांसत में डाल दी है। एक बेहद मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक 11 महीने की बच्ची महिला अधिकारी की गोद में खेल रही है, उसे पता नहीं कि वह अब अनाथ है, उसके मां-बाप, दादा-दादी समेत पूरा परिवार बह चुका है और वो इस दुनिया में अकेली है। दर्द के ऐसे सैकड़ों किस्से इस समय हिमाचल प्रदेश में दिखाई-सुनाई दे रहे हैं, लेकिन खुद को शान से हिमाचली बताने वाली कंगना रानौत को ऐसे दुख के वक्त में भी हंसी आ रही है।

कंगना रानौत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पत्रकार उनसे पूछ रहे हैं कि उन्हें यहां आने में देर क्यों हुई। साथ ही राहत और बचाव कार्य को लेकर भी सवाल हुए तो कंगना ने बाकायदा खुलकर हंसते हुए कहा कि मेरे पास न तो कोई केबिनेट मंत्री का पद है, न फंड हैं कि मैं कुछ कर सकूं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मंडी समेत कई जिलों में बाढ़ कहर बरपा रही है, जिसके चलते लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। 20 जून से आए मानसून के बाद बारिश इतनी बढ़ी कि अब तक कम से कम 80 लोगों की जान चली गई है, अकेले मंडी जिले में ही 14 लोगों की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं। मवेशी, पशु-पक्षी भी बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं। खेती और व्यापार तबाह हो रहे हैं। बाढ़ की वजह से 572 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। पेयजल, सड़क, बिजली आदि की सुविधाओं में बड़ी समस्या तो खड़ी हो ही चुकी है, इनसे जुड़ी बड़ी परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। सैकड़ों कच्चे और पक्के मकान क्षतिग्रस्त हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन आजीविका का एक बड़ा आधार है और इस बार की बारिश में जो तबाही आई है, उसका सीधा असर इस व्यवसाय पर भी पड़ेगा।

फिलहाल राज्य की कांग्रेस सरकार मदद और बचाव में लगी है। कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के भी स्थानीय नेता हालात पर नजर बनाए रखे हैं और लोगों के दर्द सुन रहे हैं। लेकिन कंगना रानौत को इस मौके पर भी राजनीति सूझ रही है। पहले तो कंगना रानौत आपदाग्रस्त क्षेत्र में आने की जगह घूमती-फिरती रहीं और जब रविवार को कंगना ने आपदाग्रस्त सिराज विधानसभा का दौरा किया तो उसमें भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। कंगना ने कहा कि केंद्र सरकार ने तुरंत सेना भेजकर राहत अभियान चलाया है। प्रधानमंत्री भले ही विदेश यात्रा पर हों, लेकिन उन्हें यहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी है। इसके बाद अपनी सीमित भूमिका का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि एक सांसद के तौर पर मेरा काम फंड लाना और जमीनी हकीकत को सरकार तक पहुंचाना है। मेरे पास अपना तो कोई फंड है नहीं, न कोई अधिकारी हैं और न ही कोई कैबिनेट है। सांसद का काम सीमित होता है। केंद्र का फंड राज्य सरकार के पास आता है, ये लोग पैसा खाकर बैठे हैं। मेरे पास तो फंड आएगा नहीं, देना तो उन्हीं (हिमाचल सरकार) को है।

कंगना के इस बयान से जाहिर है कि उन्हें न हालात की गंभीरता समझ आ रही है, न ही उन्हें मुद्दों की कोई समझ है। वे बस अभिनेत्री होने की लोकप्रियता को भुनाकर संसद पहुंच गई हैं, लेकिन सही मायनों में जनप्रतिनिधि नहीं बनी हैं। याद कीजिए कि पिछले साल इन्हीं दिनों में केरल में भूस्खलन हुआ था। तब नयी-नयी सांसद बनी प्रियंका गांधी और उनके साथ राहुल गांधी केरल पहुंचे थे और दोनों ने घूम-घूमकर सारे आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया था, पीड़ितों का दर्द बांटा था। प्रियंका गांधी ने लगातार केंद्र सरकार पर दबाव बनाया था कि केरल के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करे। प्रियंका गांधी की ही मुहिम का असर था कि फिर नरेन्द्र मोदी को भी राज्य का दौरा करना पड़ा था। प्रियंका गांधी संवेदनशीलता के साथ अपनी सांसद की भूमिका को निभा रही हैं, लेकिन कंगना रानौत यहां पूरी तरह से नाकाम दिखीं।

बल्कि अपनी कमजोरी ढंकने के लिए कंगना हिमाचल प्रदेश की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही हैं। बिना किसी सबूत के कंगना ने कह दिया कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी सरकार काम कर रही है। पूर्व में भी केंद्र सरकार ने आपदा के समय जो हजारों करोड़ रुपए भेजे थे, उसे प्रदेश सरकार ही डकार गई है। उन्होंने आशंका जताई कि अब भी केंद्र से जो रिलीफ फंड आयेगा, वो भी प्रभावितों तक पहुंचेगा या नहीं। प्रभावितों तक हर मदद पहुंचे, इसके लिए कोई रास्ता निकालना होगा। कंगना ने मुख्यमंत्री सुक्खू और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिनका काम है वो लापता है, उनका मानना है कि कंगना आकर काम कर जाती तो अच्छा था या तो कंगना यहां रहकर मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी के काम कर जाती तो वो अच्छा था। खैर हमसे जो भी बन पड़ेगा वो किया जाएगा।


कंगना रानौत सामान्य नेता नहीं हैं, बल्कि निर्वाचित सांसद हैं, इसलिए उन्हें अगर राज्य सरकार पर कोई आरोप लगाना हो तो उसके सबूत भी पेश करने चाहिए। लेकिन वो ऐसा नहीं कर रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी मजबूरी बता रही हैं कि मेरा कोई कैबिनेट तो है नहीं, मेरा काम है केंद्र से राहत कोष लेकर आना। यहां कंगना को पता होना चाहिए कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सांसद की कई भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होती हैं। एक सांसद के पास सरकार के खर्चों को मंजूरी देने और नियंत्रित करने की शक्ति होती है, यह शक्ति उन्हें बजट और कराधान पर नियंत्रण रखने के कारण हासिल होती है। सांसद यह सुनिश्चित करते हैं कि सरकार का पैसा प्रभावी ढंग से और जनता के हित में खर्च किया जाए। गौरतलब है कि 1993 में शुरू की गई सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के तहत हर सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में विकास के लिए हर साल 5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। इस योजना का संचालन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से किया जाता है। एमपीएलएडीएस के तहत सांसद निधि को जिले में संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों के जरिए भेजा जाता है। जिससे सांसद अपने क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की सिफारिश करते हैं। इसमें सड़कें, स्कूल, अस्पताल, पेयजल सुविधाएं और अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, सांसद जनता की समस्याओं को संसद में उठाते हैं और सरकार से उनके समाधान के लिए अपील करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय सांसद अपने क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। राहत सामग्री, राशन, मेडिकल सहायता, राहत शिविर लगाने के साथ-साथ और सरकार से राहत पैकेज की मांग कर सकते हैं। प्रियंका गांधी ने केरल में यही सब किया था। लेकिन कंगना रानौत अपनी जिम्मेदारी निभाने की जगह बहाने बना रही हैं।

# नोटबंदी से वोटबंदी तक

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षण के लिए स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय के तत्काल जरूरी होने को पहचानते हुए, इस पर विचार के लिए तीन दिन बाद, बृहस्पतिवार 10 जुलाई की तारीख तय की है। इस संबंध में संबंधित पक्षों के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बिहार में विधानसभाई चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छः याचिकाएं पहुंची थीं। इनमें, विशेष रूप से चुनाव सुधारों से संबंधित पहलुओं पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) तथा जनाधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) के अलावा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद, मनोज कुमार झा की याचिकाएं शामिल हैं। सभी याचिकाओं का मुख्य मुद्दा एक ही है, विधानसभाई चुनाव से पहले इतने कम समय में की जा रही मतदाता सूचियों में भारी फेर-बदल की यह पूरी कसरत, खासतौर पर करोड़ों की संख्या में वंचितों तथा कमजोर व हाशिए के तबके के लोगों से मताधिकार छीनने का ही काम करेगी। इसलिए, इस प्रक्रिया पर ही रोक लगाने की प्रार्थना की गयी है।

कहने की जरूरत नहीं है कि अब सभी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई हैं। लेकिन, 25 जून को मतदाता सूची पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के शुरू होने से अब तक इस मामले भारतीय चुनाव आयोग या ईसीआई का जो आचरण रहा है, मोदी राज के ग्यारह साल में मजबूती से कायम कर दी गयी शासकीय संस्कृति को ही प्रतिबिंबित करता है। इस शासकीय संस्कृति के तीन खास तत्व हैं। पहला, नाटकीय तरीके से बड़े लगने वाले और आम जनता के लिए कड़े साबित होने जा रहे, कथित रूप से 'साहसिक' फैसले लेना। इन कदमों की साहसिकता का एक ही सबूत होता है, जनता की तकलीफों की और इन तकलीफों को स्वर देने वाले राजनीतिक विपक्ष के विरोध की परवाह ही नहीं करते हुए, आगे बढ़ते जाना। दूसरा, जनता की मुश्किलों के रूप में इन निर्णयों के दुष्परिणामों के सामने आने पर, लीपा-पोती करने से लेकर, पांव पीछे खींचने तक की कोशिशें करना। और तीसरा, यह सब करते हुए भी इसका शासकीय अहंकार दिखाना कि शासन का फैसला पूरी तरह से सही था और उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है! नोटबंदी के मामले में ये तीनों विशेषताएं खुलकर सामने आयी थीं। शहरबंदी या लॉकडाउन में भी ये तीनों ही विशेषताएं देखने को मिली थीं। और अब इस मतदाता सूची पुनरीक्षण में, जिसे उचित ही बिहार के महागठबंध के झंडे तले संगठित विपक्ष ने 'वोटबंदी' का नाम दिया है, इस छोटी सी अवधि में ही इन तीनों विशेषताओं के दर्शन हो चुके हैं। नोट करने वाली बात यह है कि चुनाव आयोग, एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, इसके बावजूद हम उसे खास मोदीराज की राजनीतिक संस्कृति में रंगा हुआ देख रहे हैं।

जहां तक कथित रूप से 'साहसिक' निर्णय का सवाल है, चुनाव से ऐन पहले और वह भी कुल तीन महीने से भी कम समय में, आठ करोड़ के लगभग मतदाताओं की सूचियां एक तरह से नये सिरे से बनाना, अगर इतना खतरनाक नहीं होता तो बेशक साहसिक तो माना ही जा सकता था। अब यह सभी जान चुके हैं कि बिहार में मतदाता सूचियों में इस तरह का गहन पुनरीक्षण, 2003 में हुआ था। उसके 22 साल बाद, इस गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को नये सिरे से दोहराए जाने की, एक 'बड़ा काम' कर के दिखाने की ललक के सिवा और क्या आवश्यकता थी, इसका चुनाव आयोग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है।



राजेंद्र शर्मा

> जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा।

बेशक, इस निर्णय से पहले चुनाव प्रक्रिया के मुख्य हितधारकों के रूप में राजनीतिक पार्टियों के साथ किसी तरह के परामर्श में तो नहीं, बहरहाल आलोचना के तीखे होते स्वरों के सामने चुनाव आयोग ने इस कसरत को जरूरी साबित करने की कोशिश की है। लेकिन, चुनाव आयोग द्वारा दी गयी दलीलें इतनी लचर हैं कि खुद चुनाव आयोग के अधिकारीगण जहां-तहां मैदानी स्तर पर इस फैसले की जरूरत बताते हुए, अक्सर 'पहले नागरिकता तय करने' की दलील में खिसक जाते हैं, जो कि जाहिर है कि चुनाव आयोग का काम नहीं है और जिससे चुनाव आयोग अगर सुप्रीम कोर्ट के सामने अपने फैसले का बचाव करते हुए, अपना दामन ही नहीं छुड़ा ले तो ही आश्चर्य की बात होगी। एक और प्रमुख कारण, जिसका जिक्र चुनाव आयोग के मुंह से निकल गया है, हालांकि इसे भी आयोग द्वारा अब ढांपने की कोशिश की जाएगी, बिहार से रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले मेहनतकशों की संख्या करोड़ों में होना है। इन मेहनतकशों का मकान ही बिहार में नहीं होता है, बिहार से, उसकी नियति से उनका जीवंत रिश्ता रहता है, जबकि दूसरे राज्यों के जीवन से, जहां वे रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, वे वैसा आवयविक रिश्ता नहीं बना पाते हैं। सामान्य रूप से अपने गृह राज्य में नहीं रहने के आधार पर, उन्हें बिहार के मतदाता की हैसियत से बेदखल करने की आयोग की नीयत, कानून के सामने एक मिनट भी नहीं टिक पाएगी। चुनाव आयोग को यह तय करने का तो अधिकार है कि ये प्रवासी, अगर बिहार में मतदाता हैं तो दूसरे राज्यों में भी मतदाता नहीं बनें, लेकिन उसे यह तय करने का अधिकार नहीं है कि किसी प्रवासी को, अपने गृह राज्य में मतदान करना चाहिए या अपने काम की जगह पर।

अपने इस 'बड़े' निर्णय के बचाव के लिए चुनाव आयोग, एक सरासर अर्द्धसत्य का सहारा लेता है। वह राजनीतिक हितधारकों के साथ किन्हीं 'चार हजार परामर्शों' की बार-बार दुहाई देता रहा है। और इसके साथ ही यह दलील दोहराता आया है कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने मतदाता सूचियों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया था। लेकिन, चुनाव आयोग इन दलीलों के जरिए इस सच्चाई को छुपाने की कोशिश करता है कि न तो किसी भी राजनीतिक पार्टी ने मतदाता सूची के इस तरह के सघन पुनरीक्षण की मांग की थी और न ही आयोग ने किसी भी राजनीतिक पार्टी से इस तरह के पुनरीक्षण को लेकर कोई परामर्श किया था। इसके विपरीत, इस फैसले का राजनीतिक पार्टियों के सिर पर अचानक बम की तरह फोड़ दिया जाना ही, आयोग की नजरों में इस फैसले को बड़ा या साहसिक बनाता था।

नोटबंदी जैसी दूसरी विशेषता तब दिखाई दी, जब चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया वाकई शुरू की। अब वे जमीनी सच्चाइयां उसके सामने थीं, जिन्हें सिर्फ प्रचार के सहारे हवा में नहीं उड़ाया जा सकता था। सबसे बड़ी समस्या, जैसा कि सभी टिप्पणीकार शुरू से ही रेखांकित कर रहे थे, जन्म प्रमाणपत्र समेत उन दस्तावेजों के जुटाए जाने की थी, जो मतदाता के रूप में नामांकन के फार्म के साथ, तीन श्रेणियों में मतदाताओं को अलग-अलग हद तक, जमा कराने थे और 26 जुलाई तक जमा कराने थे। यह साफ होने में जरा भी देर नहीं लगी कि करोड़ों मतदाताओं के लिए, जिनमें गरीब भूमिहीन तथा गरीब किसान, मजदूर, प्रवासी मजदूर, कम पढ़े, निचली मानी जाने वाली जातियों के लोगों और महिलाओं की संख्या खासतौर पर बड़ी होगी, आवश्यक सार्टिफिकेट जमा करना ही नहीं, तस्वीर से युक्त फार्म भरकर जमा कराना भी, कठिन परीक्षा होगी।

पहले पग पर इस कठिनाई के सामने पहले चुनाव आयोग की ओर से नया स्पष्टीकरण दिया गया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है, उनके लिए तस्वीर के साथ फार्म के साथ, सिर्फ मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी देना ही काफी होगा। फिर और स्पष्टीकरण आया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं, उनके माता-पिता का नाम अगर उक्त मतदाता सूची में है, तो उनके जन्म प्रमाणपत्र की जगह, मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी लगाना काफी होगा। इसके बाद भी, जब मुश्किलें कम नहीं हुईं तो चुनाव आयोग की ओर से कह दिया गया कि पहले सिर्फ फार्म भरकर जमा कराया जाए, भले ही उसमें तस्वीर भी नहीं हो। बाकी दस्तावेजों को बाद में देखी जाएगी।

लेकिन, जब राजनीतिक पार्टियों ने इसे चुनाव आयोग की ओर से कठिनाइयों को देखते हुए, नियमों में बदलाव करने की कोशिश बताया गया, जो बेशक उनके हिसाब से स्वागतयोग्य और जरूरी थी, तो चुनाव आयोग का ईगो आगे आ गया और उसने तीसरी विशेषता का प्रदर्शन शुरू कर दिया। चुनाव आयोग ने दावा करना शुरू कर दिया कि उसने नियमों में कोई बदलाव नहीं किये हैं। सारे नियम ज्यों के त्यों हैं। कुछ भी नहीं बदला है। दस्तावेज बाद में लगाए जा सकते हैं, कच्ची सूची बनने के बाद, कच्ची सूची की समीक्षा के दौर तक। इस तरह, एक ओर चुनाव आयोग जो पहले दस दिन में एक करोड़ से थोड़े से ज्यादा फार्म ही जमा कर पाया है, बाकी प्रमाणों की शर्त स्थगित करने के जरिए, एक महीने की तय अवधि में प्रकट विफलता से बचने की कोशिश कर रहा है और दूसरी ओर, यह दावा किया जा रहा है कि आयोग ने नियमों में कोई छूट नहीं दी है, बस अब दस्तावेज बाद में लिए जा सकेंगे। यानी दस्तावेजों की उपलब्धता की जो करोड़ों मतदाताओं की समस्या है, उसे सिर्फ कुछ हफ्तों के लिए टाला भर गया है।

इस तरह, जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा, उसने तो सिर्फ गहन पुनरीक्षण का, मतदाता सूचियों की साफ-सफाई का काम किया है। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ही चुनाव आयोग को जनतंत्र पर यह बड़ा आघात करने से रोक सकता है। याद रहे कि यह खेल शुरू भले बिहार से किया गया है, आने वाले दिनों में पूरे देश को इस छद्म एनआरसी से गुजरना पड़ेगा, बशर्ते सुप्रीम कोर्ट इस सिलसिले पर रोक नहीं लगा दे।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विनाश को विस्तार देते युद्ध!

**■ कुमार प्रशांत**

आजकल की राजनीतिक शैली में बात कुछ ऐसी बना दी गई है कि देश के बारे में, फौज के बारे में, युद्ध के बारे में, देश की सुरक्षा के बारे में कुछ भी न बोलो, न पूछो, न सोचो! पहलगाम के बाद तमाम विपक्ष ने कह दिया कि हम सरकार के साथ हैं। यह घबराई हुई, जड़विहीन, राजनीतिक दृष्टि से कायर विपक्ष की सोच है। संकट का आसमान रचना और फिर उस आसमान में अपने शिकार करना सरकारों का पुराना हथकंडा है। ऐसे में विपक्ष की एक ही भूमिका होनी चाहिए कि हम हर हाल में देश के साथ खड़े रहेंगे। हमारी इस भूमिका से सरकार को जितनी मदद, जितना समर्थन मिलता है, उससे हमें एतराज़ भी नहीं है, लेकिन सरकार की आंखों से हम देखें, सरकार के कानों से हम सुनें तथा सरकार के पांवों पर हम चलें, यह कैसे हो सकता है? यह तो बौनों का बला का संकट है और इससे घिरा हमारा विपक्ष बौने-से-बौनातर हुआ जा रहा है।

> तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न !

तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न ! कहने की देर थी कि सभी तैयार हो गए। किसी ने नहीं कहा कि हमें अपनी पार्टी की सहमति लेनी पड़ेगी ! जब राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना हो, तो पार्टी की क्या बात है। पार्टी से राष्ट्र बड़ा होता है कि नहीं ! नतीजे में जहां, जिसे, जैसा मौका मिला, उसने वहां, वैसा सरकार का पक्ष रखा। लौटने पर सबने पाया कि वे तो विदेश से लौट आए हैं, लेकिन उनकी आवाज कहीं विदेश में ही रह गई है। आज हमारे संसदीय विपक्ष के पास न चेहरा है, न आवाज़!

जब विपक्ष के ऐसे हालात हों और सत्तापक्ष के भीतर सत्ता-सुख व अहंकार के अलावा कुछ हो ही नहीं, तो यह सवाल कौन पूछे कि अंगुलियों पर गिने जाने जैसे आतंकवादी हमारी सीमा में घुस आए और उन्होंने हमारे 26 नागरिकों की हत्या कर दी, इतने से सारा देश कैसे खतरे में आ गया? पहलगांव में घुस आए आतंकवादियों व उन नागरिकों की हत्या से देश खतरे में नहीं आया था, बल्कि वह खतरे में इसलिए आया कि आप कश्मीर की सीमा की सुरक्षा में विफल रहे। केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में जो कश्मीर है, चोर उसकी दीवार में सेंध लगा लेता है तो यहां खतरा आपका निकम्मापन है। खतरा यहां है कि आप उस आतंकी कार्रवाई का जवाब देने के लिए ऐसा रास्ता अख्तियार करते हैं जो काइंया अंतरराष्ट्रीय शक्तियों को अपना खेल खेलने के लिए उकसाता है।

अलबत्ता, सच भी कहीं-न-कहीं से अपना सर उठा ही लेता है। हमारे वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और बाद में 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' जनरल अनिल चौहान की बात ऐसी नहीं है कि हम उसे नजरंदाज करें। वे कह रहे हैं कि तीन दिनों का यह युद्ध दोनों तरफ़ को बेहद नुक़सान पहुंचा गया है। पाकिस्तान का नुक़सान ज्यादा हुआ है, लेकिन उसने हमारा जितना नुक़सान किया है, वह स्थिति को ख़तरनाक बनाता है। पाकिस्तान ने हमारे विमान भी गिराए और सैनिक अड्डों को भी नुक़सान पहुंचाया। यह युद्ध रुकना ही चाहिए था, क्योंकि इस युद्ध से हासिल कुछ नहीं हो सकता था। परिस्थिति का यह आकलन व अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का दबाव हमें युद्धविराम तक ले आया।

हमें यह सच्चाई समझनी चाहिए कि हथियार के व्यापारियों से खरीद-खरीदकर जो जखीरा हम भी और पाकिस्तान भी जमा करता रहता है, वह हर देश को करीब-करीब एक ही धरातल पर ला खड़ा करता है। इसलिए आज की दुनिया में कोई लड़ाई अंतिम तौर पर किसी को जीत नहीं दिलाती, बल्कि विनाश ही आज के युद्ध का सच है। रूस-यूक्रेन का दो बरस से ज्यादा लंबा युद्ध कौन जीत रहा है? दोनों बर्बाद हो रहे हैं। अमेरिका व यूरोप की फौजी मदद से लड़ रहा यूक्रेन और हथियारों का अकूत जखीरा रखने वाला रूस-दोनों का दम फूल रहा है। दोनों का देश बर्बाद हो रहा है। फौजी भी मारे जा रहे हैं, नागरिक भी; शहर-गांव-कस्बे सब मलबों में तब्दील हो रहे हैं। ऐसे में आप जीत-हार की बात क्या पूछेंगे!

पूछने वाला सवाल यही है कि बताइए, कितना विनाश हो चुका है और कितना विनाश करके आप रुकेंगे? इजरायल ने ईरान पर हमला कर किया क्या? या फिर ट्रंप ने वहां अपनी नाक घुसेड़ कर क्या किया? आप सोचिए, अगर ईरान ने अमेरिका पर हमला बोला तो क्या होगा? जीत या हार? नहीं, ऐसा कुछ नहीं होगा। विश्वयुद्ध भी नहीं होगा, वैश्विक विनाश होगा – शायद वैसा, जैसा दुनिया ने अब तक देखा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि देश में आज एक ही विपक्ष राहुल गांधी बचा है, लेकिन इस एक आदमी का विपक्ष भी हर कदम पर ठिठकता, भटकता और असमंजस में पड़ा दिखाई देता है। यह इसलिए कि वह हर तरफ़ से अकालग्रस्त है – अकाल संख्या का नहीं, प्रतिभा, प्रतिबद्धता का अकाल है ! किसी भी नेता के लिए निर्णायक भूमिका निभाने या उसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कुछ आला सहकर्मियों की ज़रूरत होती है। ऐसे सहकर्मी बने-बनाए नहीं मिलते, बनाने पड़ते हैं। राहुल के पास वे नहीं हैं, क्योंकि अब तक का अनुभव बताता है कि उन्हें ग़लत सहकर्मियों को चुनने में महारत हासिल है।

हिंसा में से वीरता तो पहले ही निकल चुकी है, अब युद्ध में से जीत-हार भी निकल गई है। बची है विशुद्ध हैवानियत- क्रूरता, अश्लीलता और अपरिमित विनाश! कोई राहुल गांधी यदि पूछता है कि बताइए, तीन दिनों के इस युद्ध में हमारा कितना नुक़सान हुआ, कितने विमान गिरे, कितने जवान मरे तो यह देशभक्ति की कमी या अपनी सेना की क्षमता पर भरोसे की कमी जैसी बात नहीं है। यही सवाल है जो पाकिस्तान में भी पूछा जाना चाहिए, इजरायल में भी, यूक्रेन और गाजा व ईरान में भी। आज किसी भी कारण जो जंग का रास्ता चुनते हैं या जबरन किसी को जंग में खींच लाते हैं उन सबके संदर्भ में यही सबसे अहम सवाल है जो आंखों में आंखें डालकर पूछा जाना चाहिए। लेकिन पूछे कौन? जिस विपक्ष की ज़ुबान खो गई है वह पूछे भी तो कैसे?

**(लेखक गांधीशांति प्रतिष्ठान केअध्यक्ष हैं।)**

## आपके पत्र

### क्या समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता का संघ सबसे बड़ा शत्रु है?

महत्वपूर्ण बात ये है कि यदि भाजपा को समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष दलों और सत्ता लोलुप कांग्रेसियों का साथ न मिला होता तो संघनीत भाजपा कभी भी सत्ता के करीब नहीं पहुंच सकती थी। आज भी भाजपा जेडीयू नीतीश कुमार जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तेलुगु देशम प्रमुख चंद्राबाबू नायडू की बैसाखियों के दम पर ही सत्ता पर काबिज़ है।

इधर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले का हालिया बयान कि आपातकाल के दौरान संविधान में जोड़ा गया समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाए जाने पर विचार करना चाहिए, ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। ठीक वैसे ही जैसे पिछले बिहार विधानसभा चुनाव के पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत का यह कहना कि आरक्षण की व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए। इन दोनों बयानों को नए राजनीतिक संदर्भ में संघ परिवार की संविधान बदलने की मंशा से जोड़ा जाना लगभग तय है।

किंतु, जैसा कि पूर्ववत लिखा जा चुका है कि संघ और भाजपा बिना समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के बिना जीवित नहीं रह सकते हैं। हालांकि उनकी मंशा मनुवादी समाज की स्थापना ही है किंतु भारत जैसे विशाल देश में यह असंभव है इसलिए भागवत जी, सभी के एक डीएनए की बात करते हैं तथा दलित पिछड़ी जातियों को दोयम दर्जे से बाहर निकालने पर जब तब जोर देते हैं और अखंडता, एकता, समानता की बात कहते हैं। किंतु कथनी करनी का फ़र्क सबको नज़र आने लगा है कि इनके इरादे नेक नहीं है।

आज होसबोले को संघ का अपना इतिहास भी टटोलना चाहिए जब जनसंघ ने जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष नेता के साथ मिलकर इमरजेंसी के बाद कांग्रेस से सत्ता छीनी थी। उसमें मधुलिमिये और जार्ज फर्नांडीज जैसे समाजवादी लोग थे। तब कांग्रेस से निकले मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने थे। याद कीजिए, 1977 में चुनाव घोषित हो जाने के बाद, कांग्रेस (ओ), स्वतंत्र पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, भारतीय जनसंघ और लोकदल के मिलन से जनता पार्टी का गठन हुआ। कांग्रेस छोड़कर आए जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा और नंदिनी सत्पथी ने कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी का गठन किया और जनता गठबंधन में शामिल हो गए।

यही हाल अटल बिहारी जी की सरकार में रही जब भाजपा के साथ,शिवसेना, तेलगु देशम, अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कड़गम,जनता दल यूनाइटेड ,जदयू, आरजेडी, बीजेडी, नेशनल कांफ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल, हरियाणा विकास पार्टी, लोकशक्ति, मद्रास स्टेट मुस्लिम लीग,तमिल मनीला कांग्रेस,केरल कांग्रेस, मर्केस्टिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया,ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस,जम्मू एंड कश्मीर पैंथर्स पार्टी,जनतादल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय मजदूर संघ,भारतीय किसान संघ,स्वदेशी जागरण मंच एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जैसे चौबीस दल एनडीए में शामिल थे। इनमें बहुसंख्यक दल समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर थे तो ऐसे चली थी संघनीत तथाकथित एनडीए सरकार। ये बात और है कि दो बार झूठ और छल से भाजपा पूर्ण बहुमत से भी आई 2014 में संघ के अन्ना हजारे और छिपे संघियों ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप का धुआंधार प्रचार कर पूंजीपतियों के धन के ज़रिए कराकर मात्र 31 प्रतिशत वोट हासिल कर सरकार बनाई। आज समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने का शोर बहुत है किंतु यह संघ का एक शिगूफा ही है। उसमें फिलहाल ऐसा कुछ करने का साहस नहीं है।

**सुसंस्कृति परिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: कुछ इंदौर, कुछ उज्जैन

*'हमें इंदौर एक दिन रुककर उज्जैन जाना था। मित्रों ने प्रसन्नता के साथ सूचित किया- कोई परेशानी नहीं, बस पचास किलोमीटर तो है, एक घंटे में पहुंच जाएंगे। कोई हड़बड़ी मत कीजिए। हमने उनकी बात मान ली। शहर से निकलकर हाईवे तक आने में जो भी समय लगा हो, उसके बाद तो चालीस-पैंतालीस मिनट में सफर तय हो गया। शहर के भीतर एक एक्सप्रेस-वे है इस पर टोल टैक्स का नाका पड़ता है। हमारे टैक्सी ड्राइवर ने टोल नहीं पटाया। उसने बताया कि यह नाका अवैध रूप से चल रहा है। सरकार इसे बंद कर चुकी है। इंदौर वाले इस बात को जानते हैं, लेकिन बाहर की नंबर प्लेट देखकर नाकेदार वसूली कर लेते हैं। उसने भाजपा के एक बड़े स्थानीय नेता का नाम लिया कि अवैध वसूली में चालीस परसेंट हिस्सा उनको जाता है। उन नेता की शहर में और कहां-कहां हिस्सेदारी है, क्या-क्या जमीन-जायदाद हैं, यह रहस्योद्घाटन भी उसने किया। एक तरफ इंदौर की सड़कों की स्वच्छता, दूसरी तरफ राजनीति की मलीनता, दो विरोधाभासी तथ्य उजागर हुए। लेकिन टैक्सी ड्राइवर ने जो बात बताई वह तो आज की कड़वी सच्चाई है और सर्वव्यापी है। इसकी सफाई कैसे होगी, पता नहीं।'*

**(देशबन्धु में 29 जून 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### कर्मों की अभिव्यक्ति

चलते रहने से ही व्यक्ति मंजिल तक पहुंच पाता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से मंजिल तक नहीं पहुंचा जा सकता है। इसलिए भाग्य को नहीं, कर्म को प्रधान कहा गया है। कठोर परिश्रम और पुरुषार्थ के द्वारा ही हम जीवन में सफल और सुखी हो सकते हैं। परिश्रम और पुरुषार्थ करने के बजाय आलसी, अकर्मण्य और निष्क्रिय बने रहना और भाग्य के भरोसे बैठे रहने वाले लोगों को जीवन में निराशा और असफलता ही हाथ लगती है। अस्तु हमें सदैव सच्चाई और पुरुषार्थ के पथ पर सक्रिय रहना चाहिए और चलते रहना चाहिए, क्योंकि कर्मरूपी पथ पर चलते रहने से ही मंजिल प्राप्त होती है। समस्त शास्त्रों में कर्म को ही प्रधानता दी गई है, कर्म करने को ही महत्वपूर्ण माना गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म करने, युद्ध करने, स्वधर्म पालन करने का ही उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अभी युद्ध करना ही तुम्हारा धर्म है, कर्म है। तुम कर्मरूपी धर्म का पालन करो। तुम युद्ध करो, पर युद्ध के परिणाम की चिंता, अपने कर्मों को मुझे अर्पित करते रहो।

कर्म भाग्य के अधीन नहीं, बल्कि भाग्य कर्म के अधीन है। हाथ की लकीरों में अपने भाग्य को ढूंढने के बजाय अगर हम हाथों से कर्म करें, पुरुषार्थ करें तो हम जो कुछ चाहें, वह प्राप्त कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा है-

करम प्रधान बिस्व करि राखा।
जो जस करई सो तस फलु चाखा।।
सकल पदारथ है जग माही।
कर्महीन नर पावत नाही।।

अर्थात विश्व में कर्म को ही प्रधान कहा गया है। जो जैसा कर्म करता है. वह वैसा ही फल भोगता है। इस संसार में हर वस्तु उपलब्ध है और हम जो भी पाना चाहें उसे कर्म करके, पुरुषार्थ करके ही प्राप्त कर सकते हैं, पर जो कर्महीन हैं अर्थात जो कर्म नहीं करते, प्रयास नहीं करते वे उसे प्राप्त नहीं कर पाते।

नीतिशास्त्र में भी कहा गया है- यदि सिंह शिकार करने न जाए और सोया रहे तो मृग स्वयं ही उसके मुख में नहीं चला जाएगा। सिंह को यदि भूख मिटाना है तो उसे आलस्य त्यागकर मृग का शिकार करना ही पड़ेगा। उसी प्रकार हमें जीवन में यदि कुछ पाना है उसके लिए हमें तद्नुरूप कर्म, प्रयास करना ही होगा, पर इसके साथ ही महत्वपूर्ण यह भी है कि हमारा प्रयास सही दिशा में होना चाहिए, सफलतारूपी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन भी पवित्र होना चाहिए। शुभ कर्म ही शुभ परिणाम दे सकता है और अशुभ कर्म हमेशा अशुभ परिणाम ही लेकर आता है। जैसे बबूल बोने पर बबूल ही प्राप्त होता है और आम बोने पर ही आम ही प्राप्त होता है। शुभ कर्म करना बहुत अच्छा है, पर शुभ कर्म का जन्म भी शुभ विचारों से ही होता है। इसलिए हमें अच्छे कर्मों से सुखद और अच्छे प्रारब्ध अच्छे भाग्य का निर्माण होता है, वहीं बुरे कर्मों से दुखद और बुरे प्रारब्ध और भाग्य का निर्माण होता है। जीवन में मिलने वाले सुख-दुख वे कर्मों का ही फल है।

**-अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## शुभमन गिल कप्तान की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं: मदन लाल


**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने टेस्ट कप्तान होने के दबाव को संभालने के लिए शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे गिल ने टीम को जीत दिलाई और साथ ही अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन का भी ख्याल रखा। मदन लाल ने कहा, 'भारत ने दोनों टेस्ट मैचों में दबदबा बनाया। टीम इंडिया पिछले मैच में खासकर खराब फील्डिंग के कारण हारी थी, इसके अलावा उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया। हमारी गेंदबाजी इंग्लैंड की तुलना में कहीं बेहतर थी। पिछले मैच में हमने थोड़ी शॉर्ट बॉलिंग की, जिससे इंग्लैंड को लक्ष्य हासिल करने का मौका मिला।' मदन लाल ने युवा कप्तान की तारीफ करते हुए कहा, 'शुभमन गिल की चर्चा हर जगह हो रही है। वह आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।



# अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी: शुभमन गिल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल के पहली पारी में दोहरे शतक और दूसरी पारी में शतक सहित कुल 430 रन बना और आकाश दीप के मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में चटकाए कुल दस विकेट की बदौलत भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में रविवार रात 336 रन की बड़ी जीत के साथ एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज में एक एक की बराबरी पा लिए। चीफ कोच गौतम गंभीर व कप्तान शुभमन गिल की जसप्रीत बुमराह को आराम देकर दूसरे टेस्ट की एकादश में शामिल तेज गेंदबाज आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर व नीतिश रेड्डी सहित दूसरे टेस्ट जिन तीन बदलावों के लिए कड़ी आलोचना की जा रही उनमें से आकाश दीप व सुंदर कसौटी पर खरे उतरे और भारत की जीत में अहम योगदान किया।



■ हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार था
■ पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल

पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल ने भारत की बड़ी जीत के बाद कहा, 'गेंदबाजों के लिए एजबेस्टन टेस्ट में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल था। पिच पर गेंद ज्यादा जल्दी ढीली हो बहुत जल्दी अपना आकार खो रही थी। मुझे नहीं मालूम यह क्या था, मौसम या पिच कुछ भी लेकिन गेंदबाजों के लिए इस पिच पर विकेट चटकाना बहुत मुश्किल हो रहा था। बतौर टीम जब आप यह जानते हैं कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं तो बहुत सी चीजे आपके काबू से बाहर हो जाती हैं। जहां तक मेरे खेल की बात है तो मैं कहूंगा कि मैं अपने खेल को लेकर सहज महसूस कर रहा हूं। अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी। मैं एक बल्लेबाज के तौर पर खेलना चाहता हूं। बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहता हूं। पहले टेस्ट के बाद हमने जो कुछ भी किया सही किया। हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार थी। जब आप कप्तान होते हैं तो तब आपको अनुकरणीय खेल दिखाने की जरूरत होती है जिससे कि जब कोई अन्य खिलाड़ी इस स्थिति में हो आप उसका मार्गदर्शन कर सकें। आपको अपने मन की करने की बजाय खुद से पहले टीम को रखना होता है। मैं अच्छी गेंद पर आउट हो जाउ तो भले हो जाउ लेकिन मैं लंबे से लंबा खेलना चाहता हं। बेशक दूसरा टेस्ट भी पांच दिन तक चला लेकिन हमारी भारतीय टीम इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है।बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अच्छी बात यह रही कि हम इसमें ज्यादा समय तक बल्लेबाजी कर रहे थे न कि गेंदबाजी।

शुभमन ने कहा,' यहां तक पहली पारी में हमने लगभग एक दिन यानी 90 ओवर फील्डिंग की और हमारे लिए यह अच्छा ही रहा। अब मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाकी आगामी टेस्ट मैचों में हम यदि निरंतर 300 अथवा 400 के करीब रन बनाते हैं तो हम हमेशा टेस्ट में बने रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने धारदार गेंदबाजी दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में कुल मिलाकर आपस में 17 विकेट बांटे जो अपने आप में तब एक बड़ी उपलब्धि है और उन्होंने यह कामयाबी जसप्रीत बुमराह भाई के बिना हासिल की। दूसरे टेस्ट से पहले बहुत सवाल थे कि क्या हम इसमें इंग्लैंड के 20 विकेट चटका पाएंगे? जिस तरह आकाश दीप और सिराज ने मिलकर दोनों पारियों में इंग्लैंड को आउट किया वह वाकई शानदार था और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं।'

## इंग्लैंड वैसा नहीं खेल पाई, जैसा हम चाहते थे : ब्रैंडन मैकुलम

बर्मिंघम। एजबेस्टन में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में भारत के हाथों 336 रनों से करारी हार झेलने के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि मेजबान टीम अपनी इच्छानुसार नहीं खेल पाई और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। रिकॉर्ड 608 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम पांचवें दिन दूसरे सत्र से में 271 रन पर सिमट गई। भारत की सीरीज बराबर करने वाली जीत में कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए, जबकि आकाश दीप ने मैच में 10 विकेट लिए। ब्रैंडन मैकुलम ने कहा, 'हम पांच दिनों तक दूसरे नंबर पर रहे। भारत ने असाधारण खेल दिखाया। शुभमन गिल ने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और भारत पूरी तरह से जीत का हकदार था।'

# ईस्ट बंगाल व साउथ यूनाइटेड के बीच होगा डूरंड कप फुटबॉल का उद्घाटन मैच

## शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ईस्ट बंगाल और साउथ युनाइटेड के बीच ग्रुप ए के कोलकाता में 23 जुलाई को खेले जाने वाले उदघाटन मैच से देश के सबसे पुराने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की का आगाज होगा। दोनों टीमों के बीच यह उद्घाटन मैच कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। डूरंड कप एक महीने तक चलेगा और इसमें कुल 43 मैच होंगे और फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।



टूर्नामेंट के ग्रुप और कार्यक्रम की घोषणा सोमवार को की गई, जिससे एक बार फिर भारतीय फुटबॉल की परंपरा और जुनून को देखने का अवसर मिलेगा। इसमें शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है। छहों ग्रुप की विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ उप विजेता टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी, जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 19 और 20 अगस्त को होंगे। फाइनल 23 अगस्त, शनिवार को खेला जाएगा। नॉकआउट दौर के मैचो के स्थानो की घोषणा जल्द की जाएगी।

कोलकाता में ग्रुप ए और बी के मुकाबले होंगे। ईस्ट बंगाल के शुरुआती मैच के बाद इंडियन एयर फोर्स फुटबॉल टीम और आई-लीग क्लब नामधारी एफसी क्रमशः 27 और 30 जुलाई को एसयूएफसी के खिलाफ अपना अपना पहला मैच खेलेगी। ग्रुप बी का आगाज 28 जुलाई को मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के मैच से होगा जो कि भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई को इसी मैदान में आईएसएल चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी के बीच बहुप्रतीक्षित मैच होगा।बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स फुटबॉल टीम 1 अगस्त को डायमंड हार्बर के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

ग्रुप सी की शुरुआत जमशेदपुर में 24 जुलाई को होगी, जहां जमशेदपुर एफसी, नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफटी के खिलाफ जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेगी। इंडियन आर्मी एफटी और 1 लद्दाख एफसी क्रमशः 29 जुलाई और 2 अगस्त को अपना पहला मुकाबला खेलेंगे.। कोकराझार ग्रुप डी की मेज़बानी करेगा, जिसमें आईएसएल क्लब पंजाब एफसी, असम की करबी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी, स्थानीय बोडोलैंड एफसी और इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस एफटी (आईटीबीपी एफटी) शामिल हैं। आईटीबीपी और कार्बी आंगलोंग के बीच पहला मैच 27 जुलाई को होगा। बोडोलैंड एफसी 31 जुलाई को अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि पंजाब एफसी 3 अगस्त को मैदान में उतरेगा।

ग्रुप ई की शुरुआत शिलॉन्ग में 26 जुलाई को होगी, जहां मेजबान शिलॉन्ग लाजोंग एफसी का सामना फॉरेन सर्विस टीम से होगा। गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 2 अगस्त को फॉरेन सर्विस टीम के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा शुरू करेगा। शिलॉन्ग डर्बी 29 जुलाई को लाजोंग और रंगदाजीद यूनाइटेड एफसी के बीच खेली जाएगी। ग्रुप एफ की मेज़बानी इंफाल करेगा, जहां 30 जुलाई को ट्राउ एफसी और नेरोका एफसी के बीच स्थानीय डर्बी से शुरुआत होगी। इंडियन नेवी एफटी और रियल कश्मीर एफसी 2 अगस्त को अपना अभियान शुरू करेंगे। अंतिम ग्रुप चरण मुकाबला 12 अगस्त को कोकराझार में बोडोलैंड एफसी और आईटीबीपी एफटी के बीच खेला जाएगा। आईएसएल क्लबों, प्रमुख सर्विसेज़ टीमों और क्षेत्रीय चहेते क्लबों की भागीदारी के साथ, 134वां इंडियन ऑयल डूरंड कप न सिर्फ भारतीय फुटबॉल की विरासत का जश्न मनाएगा बल्कि देश भर की प्रतिभाओं को मंच देने का अवसर भी प्रदान करेगा।

# साउथ अफ्रीका के लिए टेस्ट में कप्तानी करते हुए वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर रचा इतिहास



**बुलावायो,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 334 गेंदों में नाबाद 367 रन बनाए। पारी के दौरान 49 चौके और चार गगनचुंबी छक्के जड़े। केशव महाराज की अनुपस्थिति में वियान मुल्डर को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। टेस्ट में पहली बार कप्तानी कर रहे 27 वर्षीय ऑलराउंडर ने पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की और नाबाद 264 रन बनाए। इसके अगले दिन जब खेल शुरू हुआ तो उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लंच तक नाबाद 367 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए किसी बल्लेबाज की ओर से यह स्कोर अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 24 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुल्डर ने अपनी पहली कप्तानी पारी में बहुत धैर्य दिखाया। उन्होंने कमजोर गेंदों को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। उन्होंने डेविड बेडिंगम के साथ 184 रन और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस के साथ चौथे विकेट के लिए केवल 185 गेंदों पर 217 रन की शानदार साझेदारी की। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए घर से बाहर चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन 264 रन बनाए, जो किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा टेस्ट के पहले दिन बनाया गया सर्वाधिक स्कोर और विश्व में ओपनिंग डे पर दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। दूसरे दिन उन्होंने तेजी से बल्लेबाजी जारी रखी और 297 गेंदों में तिहरा शतक (300 रन) पूरा किया, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक है। इस उपलब्धि के साथ वे हाशिम अमला के बाद यह मुकाम हासिल करने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने।

# आईसीसी ने जून महीने में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए मारकरम, रबाडा और निसांका के नाम की घोषणा की

**दुबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और श्रीलंका क्रिकेट टीम के उभरते हुए सितारे पथुम निसांका को जून 2025 के लिए पुरुष कैटेगरी में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार देने की घोषणा की। आईसीसी ने पुरुष के अलावा महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों की भी घोषणा की।



मार्कराम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। गेंद से स्टीव स्मिथ का महत्वपूर्ण विकेट लेने के बाद, मार्कराम ने शानदार 136 रन बनाकर प्रोटियाज को 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। वियान मुल्डर और चोटिल कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ उनकी साझेदारी ने दक्षिण अफ्रीका को 27 वर्षों में पहली बार आईसीसी पुरुष ट्रॉफी जीतने में मदद की।

रबाडा ने अपनी आक्रामक शैली का जोरदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफरीका के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 49 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने इस प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में पूर्व गेंदबाज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ दिया। रबाडा ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को ज्यादा खुलकर शॉट्स खेलने का मौका नहीं दिया। जिससे ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर करने में सफल नहीं हो पाई। पहली पारी में कम स्कोर के बाद दक्षिण अफ्रीका को मुकाबले में बनाए रखने में रबाडा की गेंदबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान पथुम निसांका श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज थे। उन्होंने पहले टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 187 रन की पारी खेली और अपनी टीम को मैच ड्रॉ कराने में मदद की और दूसरे टेस्ट में 158 रन बनाकर श्रीलंका को पारी और 78 रन से जीत दिलाई। निसांका ने बेहतरीन निरंतरता और धैर्य दिखाते हुए सीरीज का अंत शीर्ष स्कोरर के रूप में किया। आईसीसी की ओर से महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स और दो वेस्टइंडीज मूल की खिलाड़ी, हेले मैथ्यूज और अफी फ्लेचर शामिल हैं। ब्रिट्स के लिए यह महीना सभी प्रारूपों में प्रभावशाली रहा।

# इंग्लैंड की 'बैजबॉल' शैली से दुखी माइकल वॉन, टीम को दे डाली नसीहत



**बर्मिंघम,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट 336 रन से गंवाना पड़ा, जिससे पूर्व कप्तान माइकल वॉन दुखी हैं। उनका मानना है कि हेडिंग्ले में 'बैजबॉल विद ब्रेन' के बाद मेजबान टीम फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ गई है। माइकल वॉन ने सोमवार को 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'ईमानदारी से कहें, तो इस हफ्ते इंग्लैंड की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीसरे दिन चार घंटे के खेल को छोड़कर, जिसमें हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की, भारत ने इंग्लैंड पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। यह ऐसा प्रदर्शन था, जिसने मुझे बहुत चिंतित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे डर है कि इंग्लैंड ने पहले मैच को टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके के पूर्ण प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने पहले टेस्ट के दौरान जीत में शानदार स्किल दिखाई, लेकिन इसमें काफी हद तक भाग्य भी शामिल था। इंग्लैंड की टीम यहां (एजबेस्टन) आई और सोचा कि उन्हें सबकुछ उसी तरह करना चाहिए, लेकिन यह उल्टा पड़ गया।' पूर्व कप्तान ने कहा, 'आपको अपनी पूरी रणनीति एक हफ्ते के प्रदर्शन पर आधारित नहीं करनी चाहिए, खासकर तब जब किस्मत ने भी साथ दिया हो।

# माही के घर के बाहर पहुंचे फैंस, केक काटकर मनाया जन्मदिन



**रांची,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अपने इस हीरो को बधाई देने फैंस रांची स्थित माही के घर के बाहर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने केक काटकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का जन्मदिन मनाया। सानिया सिंह एक युवा क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'मैं क्रिकेट एकेडमी में खेलती हूं। मेरे कोच धोनी सर के बड़े फैन हैं। मैं भी उनकी बड़ी फैन हूं। सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर्स के लिए धोनी प्रेरणा हैं। मैं चाहती हूं कि उनके जैसी ही खिलाड़ी बनूं।' धोनी के एक अन्य फैन ऋषभ राज ने कहा, 'हम धोनी का जन्मदिन मनाने के लिए उनके घर के बाहर खड़े हैं। यहां बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मौजूद हैं। हम चाहते हैं कि माही ऐसे ही फिट बने रहें और पूरे देश को प्रेरित करते रहें।' धोनी के जन्मदिन पर सुबोध नामक एक फैन ने कहा, 'हमने यहां केक कटिंग की और लोगों के बीच इसे बांटा।

हमने यहां धोनी के कटआउट के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं।'

# ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना डीडीसीए का उद्देश्य : रोहन जेटली

**नई दिल्ली**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली प्रीमियर लीग-2025 के लिए सोमवार को महिला खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इस मौके पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि संघ का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना है। रोहन जेटली ने कहा, 'डीपीएल को लेकर हमें शानदार रिस्पॉन्स मिला है। हमने पुरुष लीग में दो टीमें जोड़ी हैं। विमेंस टीम में पूल को बढ़ाया गया है, ताकि ज्यादा खिलाड़ियों को ऑक्शन में मौका मिल सके।'



उन्होंने आगे कहा, 'पहले हम सालभर में करीब 1,000 मैच करवाते थे, लेकिन अब इसकी संख्या 1,800 हो चुकी है। हमारे पास अंडर-16, अंडर-19, ओपन लीग, प्रोफेशनल टी20 लीग, डीपीएल जैसे आयोजन हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी क्लब लेवल क्रिकेट की शुरुआत की गई है। हम खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मौके देना चाहते हैं।' इस मौके पर डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने कहा, 'जब रोहन जेटली डीडीसीए के अध्यक्ष बने, तो वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहते थे, जहां दिल्ली के बच्चों का टैलेंट लोगों को दिखे। हमने पिछले साल डीपीएल की शुरुआत की, जो बेहद सफल रहा। मैच के दौरान 20-22 हजार फैंस आए। खिलाड़ियों को शानदार प्लेटफॉर्म मिला। इसी प्लेटफॉर्म से निकलकर कुछ खिलाड़ी आईपीएल खेले। हम चाहते हैं कि इस बार और ऊपर जाएं और कम से कम 10 खिलाड़ी भारतीय टीम का दरवाजा खटखटाएं।'

# सौरव गांगुली : एक जौहरी, जिसने बदल दी भारतीय क्रिकेट की तस्वीर

## गांगुली एक आक्रामक कप्तान थे। उनकी कप्तानी में भारत ने बेखौफ अंदाज में खेलने की संस्कृति अपनाई



**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के इतिहास में अब तक कई कप्तान आए हैं। सभी ने अपने-अपने कार्यकाल में टीम के लिए बेहतर करने की कोशिश की। लेकिन, जिस कप्तान ने अपनी नेतृत्व क्षमता से भारतीय क्रिकेट की तस्वीर बदल दी और टीम को दुनिया की शीर्ष और मजबूत टीमों में शुमार कराया उसका नाम सौरव गांगुली है। सौरव गांगुली को 2000 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। यह वह दौर था जब टीम फिक्सिंग के आरोपों से जूझ रही थी। प्रदर्शन के आधार पर विश्व विजेता टीम होने के बाद भी कमजोर टीमों में गिनी जाती थी। विदेशों में जीत भारतीय टीम के लिए सपना हुआ करती थी। लेकिन, गांगुली ने अपनी नेतृत्व क्षमता, खिलाड़ियों की परख और उनसे प्रदर्शन निकलवाने की काबिलियत के दम पर भारतीय क्रिकेट का चेहरा ही बदल दिया। कप्तान बनने के बाद सौरव गांगुली ने उन खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने आगे चलकर भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल दी। इन खिलाड़ियों में युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, हरभजन सिंह, जहीर खान, आशीष नेहरा, गौतम गंभीर, एम. एस. धोनी, और वीरेंद्र सहवाग जैसे नाम प्रमुख हैं। ये सभी खिलाड़ी आज भारतीय क्रिकेट के श्रेष्ठतम खिलाड़ियों में शुमार होते हैं। इसके पीछे गांगुली की पारखी नजर थी।

**गांगुली को 2000 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी**

गांगुली एक आक्रामक कप्तान थे। उनकी कप्तानी में भारत ने बेखौफ अंदाज में खेलने की संस्कृति अपनाई। इस वजह से टीम को टेस्ट और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में बड़ी सफलता मिली। 2000 में फिक्सिंग के आरोपों का सामना कर रही भारतीय टीम इसी साल गांगुली की कप्तानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेली, 2002 में संयुक्त रूप से श्रीलंका के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता रही, और 2003 में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला। सौरव गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेश में जीतना सीखा। नेटवेस्ट ट्रॉफी (2002) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया। भारत ने टेस्ट में विदेश में अपना प्रभाव जमाना और जीतना गांगुली के दौर में ही सीखा। गांगुली 2005 तक कप्तान रहे। 5 साल के अपने कार्यकाल में फिक्सिंग के आरोपों का सामना करने वाली टीम को उन्होंने दुनिया की मजबूत क्रिकेट टीम बनाया।

गांगुली ने धोनी को दिनेश कार्तिक पर प्राथमिकता दी थी। धोनी न सिर्फ भारत के सर्वश्रेष्ठ और सफलतम कप्तान बने बल्कि दुनिया के सफलतम विकेटकीपर बल्लेबाज भी बने। धोनी ने 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप अपनी कप्तानी में जीता। इसमें अहम भूमिका उन खिलाड़ियों की रही, जिनके करियर की उड़ान गांगुली की कप्तानी में शुरू हुई थी। युवराज, सहवाग, हरभजन और गंभीर इन सभी का दोनों विश्व कप जीतने में अहम योगदान रहा था। गांगुली जब बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब विराट की जगह रोहित शर्मा को कप्तान बनाने का उन्होंने निर्णय लिया। इसका परिणाम हमें टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब के रूप में मिला।

## सार संक्षेप

### जमशेदपुर में 'डूरंड कप ट्रॉफी' का अनावरण, राज्यपाल ने बताया झारखंड के लिए गर्व का क्षण

**जमशेदपुर।** 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसकी ट्रॉफी का अनावरण सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने डूरंड कप जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को झारखंड के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीम भाग ले रही हैं। जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छह मुकाबले खेले जाने हैं। सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में ट्रॉफी टूर कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फुटबॉल फैंस उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, 'इस मौके पर न सिर्फ जमशेदपुर, बल्कि पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल डूरंड कप की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण इस बात का प्रतीक है कि झारखंड की खेल संस्कृति निरंतर नई ऊचाइयों को छू रही है।'

### अब महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए खेलेंगे पृथ्वी शॉ, हो गया आधिकारिक ऐलान

**पुणे।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ लंबे वक्त से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके हैं। अब उन्होंने घरेलू स्तर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को अलविदा कहते हुए आगामी सत्र से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के लिए खेलने का फैसला किया है। अपने फैसले के बारे में पृथ्वी शॉ ने कहा, 'करियर के इस मोड़ पर, मैंने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए महाराष्ट्र टीम की ओर से खेलने का फैसला किया है। मैं एक बार फिर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अब तक मिले अवसरों और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन पिछले कुछ वर्षों से पूरे राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की खास कोशिशें कर रहा है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग, महिला एमपीएल, कॉर्पोरेट शील्ड, डीबी देवधर ट्रॉफी जैसे इवेंट्स इसके प्रमाण हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि इस तरह के माहौल में खेलना मेरे करियर को एक नया मोड़ देगा।'

### एमएलसी 2025: एमआई न्यूयॉर्क की सीजन में सातवीं हार

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 29वें मैच को अपने नाम किया। इस टीम ने फ्लोरिडा में एमआई के खिलाफ खेले गए मुकाबले को छह विकेट से जीता। गीली आउटफील्ड के चलते यह मुकाबला 18-18 ओवरों का था। पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी वाशिंगटन ने इस सीजन 10 में से आठ मैच अपने नाम किए हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पायदान पर है, जबकि 10 में से सात मुकाबले गंवा चुकी एमआई न्यूयॉर्क की टीम चौथे स्थान पर प्लेऑफ की टिकट हासिल करने की जंग लड़ रही है।

## सार-समाचार

### विहिप और बजरंग दल प्रखंड की बैठक संपन्न



**सिलवानी, देशबन्धु।** विश्व हिन्दू परिषद्व बजरंग दल प्रखंड की बैठक संपन्न हुई। बैठक दो सत्रों में की गई। जिसमें प्रथम सत्र में महेश नामदेव प्रांतीय सदस्य, नीरज जोशी जिला धर्मप्रसार प्रमुख एवं दूसरे सत्र में जिला मंत्री बलवंत सिंह ठाकुर और जिला सह संयोजक राहुल नामदेव ने बैठक में आगामी कार्यक्रम की योजना की चर्चा की। जिसमें प्रखंड समिति सम्मेलन, बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा, अखण्ड भारत संकल्प दिवस, एवं स्थापना दिवस के विषय पर योजना बनाई गई। बैठक में प्रखंड संयोजक राघवेंद्र कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष अनिकेत पुरिया, प्रखंड से सहसंयोजक सुशील सोनी, प्रखंड सह मंत्री हरदयाल मेहरा, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहरा, विजय नामदेव, विद्यार्थी प्रमुख लकी कुलकर्णी, भविष्य साहू, अर्जुन आर्य, जितेन्द्र बंसल, रिक्की मेहरा संदीप कुशवाह, बिनित कुशवाह, नितेश कुशवाह, अंकेश ठाकुर, पंबन ठाकुर, आकाश एवं दुर्गावाहिनी से रिया सोनी को प्रखंड संयोजिका का दायित्व दिया गया ।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले को प्रदेश में मिला द्वितीय स्थान

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 30 मार्च से 30 जून तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में 2500 से अधिक खेत तालाब एवं 23 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य कराया गया । इनके निर्माण से 5000 एकड से अधिक भूमि सिंचित हुई। 1600 से अधिक कूप रिचार्ज पिट का निर्माण कराया गया जिससे पूर्व से निर्मित कूपों में जल भराव अधिक होने से किसान दोनों फसलों में सिचाई कर सकेंगे। इन कार्यों को नवीन तकनीक ैप्ल्प् एप के माध्यम से चिन्हांकित किया गया। अभियान के दौरान बेतवा के उदग्म स्थल पर बेतवा को पुर्नजीवित कर, अविरल धारा प्रवाहित हेतु प्रयास किये गये। 15000 से अधिक जलदूतों का पोर्टल पर पंजीयन कराकर, प्रशिक्षण कराया गया। विभिन्न ग्राम पंचायतों में साफ सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य भी कराये गये। इस हेतु जिले को राज्य स्तर से ग्रेडिंग में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जानकारी देते हुये बताया कि रायसेन जिले में जिला कलेक्टर के मार्ग दर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना से जल संरक्षण के कार्य कराये गये । जिले में जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान हुए महत्वपूर्ण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में 2500 से अधिक खेत तालाबों का हुआ निर्माण, 1690 कूप रीचार्ज पिट का निर्माण, 23 अमृत सरोवर हुए स्वीकृत किये गये। अभियान के दौरान मनरेगा के तहत 1000 से अधिक जल संग्रहण के कार्यो को भी पूर्ण कराया गया है। अभियान के दौरान जिले के झिरी ग्राम में स्थित बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुर्नजीवित किया गया, जो कि जिले में हुए महत्वपूर्ण कार्यो में से एक हैं। जिले में स्थित अन्य नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करने के कार्य कराये गये।

सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन जिले की सभी सातों जनपद पंचायतों में कुल 2500 से अधिक खेत तालाबों का निर्माण कराया गया है। जिससे एक ओर जहां बारिश का जल संग्रहित हो सकेगा, वहीं किसानों को भी सिंचाई के लिए जल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त 1687 कूप रीचार्ज पिट का निर्माण कराया गया है। जिले की बाड़ी जनपद पंचायत में 329 खेत तालाब, बेगमगंज जनपद पंचायत में 509 खेत तालाब, गैरतगंज जनपद पंचायत में 354 खेत तालाब, औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत में 213 खेत तालाब, सांची जनपद पंचायत में 366 खेत तालाब, सिलवानी जनपद पंचायत में 490 खेत तालाब और उदयपुरा जनपद पंचायत में 302 खेत तालाबों के निर्माण कार्य स्वीकृत कराये गये। इसी प्रकार जिले की सभी जनपद पंचायतों में 1687 कूप रीचार्ज पिट का भी निर्माण कराया गया है।

## बारिश में जलमग्न कॉलोनियां, घरों में कैद हो गए रहवासी

# कॉलोनाइजरों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे यहां के निवासी

**सिलवानी, देशबन्धु।** नगर में हो रही मूसलाधार बारिश ने कॉलोनाइजरों और प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। राय कॉलोनी और सिद्धार्थ सिटी जैसे कथित रूप से विकसित कॉलोनियों में रहने वाले सैकड़ों परिवार इन दिनों कीचड़ जलभराव और अव्यवस्थाओं के दलदल में फंसे हैं। कॉलोनियों में न तो पक्की सड़कें हैं न ही जल निकासी की व्यवस्था जिससे मामूली बारिश में भी घरों के सामने नदियां बहने लगती हैं। हालत यह है कि लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं बच्चों का स्कूल जाना और दफ्तर पहुंचना भी मुसीबत बन गया है।

राय कॉलोनी निवासी पूजा साहू ने बताया एजेंट वसीम खां ने वादा किया था कि कॉलोनी में सड़क बिजली पार्क सीवेज जैसी तमाम सुविधाएं होंगी, लेकिन बारिश होते ही कीचड़ और गंदगी घरों में घुस जाती है। वहीं सिद्धार्थ सिटी के अमित रघुवंशी और कमलेश साहू ने बताया कि एजेंट राजकुमार चौरसिया राजू शिक्षक ने आधुनिक कॉलोनी का सपना दिखाया था लेकिन 10 साल में एक नाली तक नहीं बनी।

प्रशासन मौन: शिकायतें नगर परिषद और अन्य अधिकारियों तक कई बार पहुंचाई गईं लेकिन न तो कॉलोनाइजर पर कोई सख्त कार्रवाई हुई न ही किसी प्रकार का सुधार कार्य शुरू किया गया। चंद्रकला धुर्वे ने बताया कि





प्लॉट लेते समय 6 महीने में सुविधाएं देने की बात कही गई थी, लेकिन दो साल में सिर्फ कीचड़ और जलभराव मिला।

**जनता का सवाल किससे कहें अपनी परेशानी**

रोजमर्रा की ज़रूरतें बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा सब कुछ इन कॉलोनियों में दांव पर लगा है। लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। न सड़क है न नाली न बिजली और न ही कोई सुनने वाला। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि जिन एजेंटों और कॉलोनी मालिकों ने झूठे वादों से जनता को गुमराह किया है उनके खिलाफ सिलवानी पुलिस थाने में आपराधिक मामला दर्ज किया जाए और कॉलोनियों को नगर परिषद या विकास प्राधिकरण के अधीन लेकर वहां बुनियादी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं।

### इनका कहना है

कॉलोनीयो में अव्यवस्थाओं के मामले में जांच करा कर नोटिस जारी किया जायेगा। जांच उपरांत कॉलोनाइजर के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जायेगी वही ही शिक्षक राजू चौरसिया द्वारा सिद्धार्थ सिटी कॉलोनी के एजेंट बनकर प्लाट बेचने की जानकारी प्राप्त हुई है विभाग को पत्र लिखकर जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी ।

**पीसी शाक्य, अनुविभागीय अधिकारी तहसील सिलवानी**

### रहवासियों ने बताई व्यथा



**अमित रघुवंशी सिद्धार्थ सिटी:** मेरा मकान है सिद्धार्थ सिटी के एजेंट राजकुमार चौरसिया राजू के द्वारा ज यहां पर प्लाट ले लिया था सब सुविधायुक्त कॉलोनी होने की बात कही थी लेकिन हमको उनके द्वारा ठग लिया गया है।



**पूजा साहू राय कॉलोनी निवासी:** जब हमने प्लांट लिया था तब कॉलोनी के एजेंट वसीम खां ने हमको बताया था कि कॉलोनी में बिजली सड़क पानी की व्यवस्था दी जाएगी लेकिन आज तक कोई भी व्यवस्था नहीं दी गई है।



**चंद्रकला धुर्वे राय कॉलोनी निवासी:** एजेंट वसीम खान के द्वारा हमने इस कॉलोनी में प्लांट पर लिया था उनके द्वारा हमको बताया गया था कि कॉलोनी को सर्व सुविधायुक्त बनाएंगे लेकिन कोई भी व्यवस्था हमको नहीं दी गई है हमारे मकान के सामने पानी भरा रहता है जिस मकान के अंदर आने जाने में हमको बड़ी परेशानी होती है।



**कमलेश साहू सिद्धार्थ सिटी:** नया बस स्टैंड के पीछे सिद्धार्थ सिटी में मेरा मकान है । जब हमने प्लांट लिया था तब कॉलोनी के एजेंट राजकुमार चौरसिया राजू शिक्षक ने हमको बताया था कि सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी आपको दी जाएगी लेकिन उनके सारे वादे झूठे लेकिन कॉलोनी में कोई व्यवस्था नहीं की गई है हमको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## हॉलिस्टिक एकेडमी का हुआ भव्य शुभारंभ



**सिलवानी, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह द्वारा हॉलिस्टिक एकेडमी का शुभारंभ रविवार को फीता काटकर एवं मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने मार्गदर्शित करते हुए कहा कि एकेडमी सिलवानी की नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाए। इस शुभ अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू नगर परिषद अध्यक्ष रेशु नायक भाजपा नेता विभोर नायक वरिष्ठ भाजपा नेता संजय मस्ताना मिलन जैन रघुवीर साहू वरिष्ठ नागरिक रामस्वरूप श्रीवास्तव रत्ना शुक्ला संतोष केवट गौरव मेहरा दीपेश गौर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। एकेडमी के डायरेक्टर सत्यपाल केवट ने बताया कि एकेडमी में विशेष रूप से नवोदय/सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, 8वीं, 10वीं,11वीं 12वीं आदि कक्षाओं की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाएगी जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं। फोटो-3

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को 12 घंटे में किया गिरफ्तार

**बाड़ी, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 6 एमपी कॉन्वेंट स्कूल के पास शनिवार की रात हुई हत्या में मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाबालिग है। मृतक रचित के पिता पप्पू आदिवासी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरा बड़ा लड़का रजित ठाकुर 5 जुलाई को शाम 6 बजे घर से अपनी पल्सर मोटर साइकिल एमपी04-zz-8504 से बाजार जाने का बोलकर निकला था जिसे रात्रि 8बजे मैंने मोबाइल लगाया तो रजित बोला अभी थोड़ी देर से आ रहा हूं। मैंने करीब 10.00 बजे रात्रि को फिर से फोन लगाया तो रजित का मोबाइल बंद आ रहा था। फिर मैं सो गया था।



सुबह करीबन 7.30 बजे मुझे खबर मिली की एमपी कान्वेंट स्कूल के पीछे वाले गेट के पास रोड पर रजित पड़ा है। मैंने आकर देखा तो मेरा लड़का रजित मृत अवस्था पड़ा था तथा उसके सिर में दाहिने तरफ एवं पेट व सीने पर कई जगह कटे हुए घाव दिखाई दे रहे थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसडीओपी अदिति बी सक्सेना ने बताया कि मामले की जांच शुरू की तो मामले का पर्दाफाश हो गया और नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस आरोपी पर पूर्व में भी थाने में प्रकरण दर्ज है।

## गुलगांव में मोहर्रम पर निकले ताजिए

**सांची, देशबन्धु।** मोहर्रम के पावन अवसर पर सांची से लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गुलगांव में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ताजिया जुलूस, सवारियों का प्रदर्शन और अखाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम में सभी समुदायों के लोगों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे सामाजिक सौहार्द और एकता की मिसाल कायम हुई। गांव में सातवीं मोहर्रम से लेकर ग्यारहवीं मोहर्रम तक यह कार्यक्रम पारंपरिक और गमगीन माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समाज में मोहर्रम का महीना शोक और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातमी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



इस मौके पर निकाले गए ताजिए और सवारियों ने लोगों का ध्यान खींचा। साथ ही आयोजित अखाड़ा कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपने करतबों का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा गांव मातमी माहौल में डूबा रहा, लेकिन उत्साह और सहभागिता में कोई कमी नहीं थी। इस कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के अलावा गांव के जाने माने समाज सेवी 72 वर्षीय गौरीशंकर जैन अहम भूमिका निभाते दिखाई देते है ।

मोहर्रम के इन कार्यक्रमों को देखने के लिए न केवल गुलगांव, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और सांची नगर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ग्रामवासियों के सहयोग और प्रशासन की सतर्कता के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी, जिससे किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो। उल्लेखनीय है कि पूरे क्षेत्र में गुलगांव ही ऐसा प्रमुख ग्राम है, जहां मोहर्रम का आयोजन इस स्तर पर पारंपरिक रूप से मनाया जाता है। यह कार्यक्रम देर रात तक जारी रहता है।

## निर्वाचक नामावली तैयार करने बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**देवास, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों के लिये राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ को नामावली से संबंधित विधिक प्रावधान तथा निर्वाचक नामावली को तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे कर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करने, मृत/ स्थानांतरित/ दोहरी प्रविष्ठि वाले मतदाताओं के नाम नामावली से हटाने की प्रक्रिया, नामावली के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंट से संबंधित समस्त प्रक्रिया का प्रशिक्षण बीएलओ को दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 171- देवास एवं 172- हाटपीपल्या के बीएलओ को शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीएलओ प्रशिक्षण 11 जुलाई तक चलेगा।

प्रशिक्षण में बीएलओ एप, वोटर हेल्पलाईन एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल की तकनीकी की बारिकियों से भी कराया जा रहा है। बीएलओ को प्रशिक्षण राज्य स्तर से मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन के लिए परीक्षा भी आयोजित होगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 170-सोनकच्छ, 173-खातेगॉव एवं 174-बागली के बीएलओ को 14 से 17 जुलाई तक विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## झमाझम बारिश से अधिकतर सड़कें पानी से लबालब

**सांची, देशबन्धु।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने नगर का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। नगर की अधिकतर सड़कें पानी से लबालब हैं और जगह-जगह बने गड्ढों ने राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नालों के अधूरे निर्माण और सड़कों पर फैली मिट्टी ने कीचड़ का रूप लेकर स्थिति को और भी बदतर बना दिया है।

प्रशासन को हर वर्ष की तरह इस बार भी बारिश के साथ ही पेयजल पाइपलाइन फूटने और उसकी मरम्मत की याद आई है। बारिश से पहले शुरू हुए नाला निर्माण की धीमी रफ्तार और अधूरे काम ने जलभराव की समस्या को बढ़ाया है। मिट्टी हटाने के निर्देश तो दिए गए, लेकिन आधा-अधूरा काम लोगों के लिए आफत बन गया। नालियों के किनारे की मिट्टी अब दलदल का रूप ले चुकी है।

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए नगर परिषद सीएमओ को सख्त निर्देश दिए थे कि सड़कों से तुरंत मिट्टी हटाई जाए। निर्देश के बाद आनन-फानन में मिट्टी हटाने की खानापूर्ति तो हुई, लेकिन सही ढंग से सफाई न होने के कारण राहगीरों को अब भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नाला निर्माण के पहले वाटर प्लांट कंपनी द्वारा घर-घर पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया था, लेकिन अब उसी पाइपलाइन के बार-बार फूटने से सवाल उठने लगे हैं। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष रेवाराम ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कार्य में तेजी लाने की कोशिश की है। फिर भी सच्चाई यही है कि भारी बारिश ने नगर में विकास की पोल खोलकर रख दी है।





**जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं**

नगर के प्रमुख स्थान जैसे स्तूप रोड और अस्पताल परिसर में पानी भरना अब आम बात हो गई है।इसके साथ ही बसस्टैंड परिसर में ब्लॉक तो लगवा दिये गए परन्तु यह ब्लाक भी जगह जगह पानी में डूबे नजर आ रहे है जिससे यहां दुकानदारों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। नगर में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं, लेकिन जर्जर और जलमग्न सड़कों से गुजरना न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि पर्यटकों के लिए भी त्रासदी बन चुका है। इस मामले में जब सीएमओ रामलाल कुशवाहा से फोन पर संपर्क करना चाहा तो हमेशा की तरह उन्होंने फोन उठाने की जहमत नहीं की।

## हेल्पलाईन शिकायतों और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की जाए: कलेक्टर

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, शासकीय योजनाओं तथा गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अधिक समयावधि तक लंबित ना रहे, शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निम्न गुणवत्ता से निराकृत सीएम हेल्पलाईन और नॉन अटेन्डेन्ट सीएम हेल्पलाईन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला अधिकारी स्वयं कार्यालय स्तर पर मॉनीटरिंग करें। सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने मूंग खरीदी की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी निर्धारित केन्द्रों पर उपार्जन कार्य प्रारंभ कराते हुए शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार खरीदी कार्य कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पीओ डूडा सहित सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराएं। जिन हितग्राहियों द्वारा किस्त मिलने के बाद भी आवास का निर्माण नहीं कराया जा रहा है उन्हें समझाईश देते हुए कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने पीएम आवास शहरी 2.0 में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कार्य पूर्ण कराने और जियो टैगिंग प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिला कृषि अधिकारी से उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता रहे। साथ ही उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण कर सैम्पल जांच हेतु भेजे जाएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया।



कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने एसडीएम, पीओ डूडा, जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर गौवंश ना रहे, यह सुनिश्चित कराएं। इसके लिए दल गठित कर नियमित पेट्रोलिंग कराएं और सड़कों पर मिलने वाले गौवंश को समीप की गौशालाओं में छुड़वाएं।

टीएल बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने वन विभाग की समीक्षा के दौरान वन भूमि पर अवैध उत्खनन और परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी लेते हुए अवैध उत्खनन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध परिवहन में प्रयुक्त होने वालों वाहनों को राजसात करने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार जिला परिवहन अधिकारी से स्कूल बसों की जांच किए जाने संबंधी जानकारी लेते हुए कहा कि कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने निर्देश दिए कि जो बसें चलने योग्य नहीं हैं, फिट नहीं हैं ऐसी बसों को बंद करवाएं। उन्होंने एसडीएम को भी स्कूल बसों की जांच किए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में शिक्षा विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जल संसाधन, सामाजिक न्याय विभाग, पीएचई सहित अनेक विभागों के कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

## आमला की टीम ने दिखाया उत्साह सुबह से बना हुआ था जोश



**आमला, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बैतूल आगमन पर आमला की टीम ने जो उत्साह दिखाया, उसकी हर कोई प्रशंसा कर रहा है। जयकारों की गूंज, पुष्पवर्षा की बौछार और आत्मीयता से भरे स्वागत ने इसे एक यादगार क्षण बना दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने भी जनता एवं कार्यकर्ताओं के प्रेम, विश्वास और स्नेह के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा आत्मीय उद्बोधन दिया। जिसका सभी ने दिल खोलकर स्वागत किया।

## प्राकृतिक खेती पर करें फोकस, चलाएं अभियान, लगाया पौधा

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने सभी विभागों से ई ऑफिस प्रणाली के तहत फाइल्स के ऑनलाइन मूवमेंट की जानकारी ली और ई ऑफिस का सुचारू और सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को हिट एंड रन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने और राहवीर योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने विभागीय पदोन्नति की तैयारियों के संबंध में भी संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की और शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला स्तर पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा कर कलेक्टर सूर्यवंशी ने सभी विभागों को सख्त हिदायत दी कि अभियान में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभाग पौध रोपण कराएं और अनिवार्य रूप से अंकुर एप पर उसकी फोटो अपलोड की जाएं।

## कलेक्टर ने अस्पताल पहुंचकर माताओं को दिया संतान का पहला दस्तावेज



**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंशानुरूप जिले में नवजात शिशुओं का जन्म प्रमाण पत्र उनकी माताओं को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किया जा रहा है। यह पहल न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि नवजात के अधिकारों की शुरुआत को भी मजबूत करती है। सोमवार को कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल पहुंचकर श्रीमती नेहा कहार को उनके नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र सौंपा। श्रीमती नेहा को 4 जुलाई को अस्पताल में भर्ती किया गया था और सफल प्रसव के पश्चात 7 जुलाई को उन्हें डिस्चार्ज किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप उन्हें छुट्टी से पूर्व ही उनके बच्चे का पहला कानूनी दस्तावेज सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि माताओं को जन्म प्रमाण पत्र जल्द मिले, इसके लिए गंभीरता से कार्य करने के लिए संबंधित अस्पताल स्टाफ को ताकीद किया गया हैं।

# भारत की अर्थव्यवस्था में उद्योग जगत का सबसे बड़ा योगदान है : उपाध्यक्ष



**बैतूल, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा बीआरसी क्लब ग्रीन सिटी इंडस्ट्रियल एरिया बैतूल में सोमवार को लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री दर्जा मोहन नागर, सुधाकर पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, मुकेश खंडेलवाल, बालाराम साहू, हकम सिंह रघुवंशी, डीडी सेठिया, पुरुषोत्तम कौशिक, विनोद नायर, देवेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष ने कहा कि लघु उद्योग किसी भी देश की आर्थिक रीढ़ होते हैं। यही उद्योग न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। सुधाकर पवार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि मध्य प्रदेश में लघु एवं कुटीर उद्योग का विकास हो और युवाओं को रोजगार मिल सके इसके लिए मध्य प्रदेश शासन दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विगत माह दिसंबर में होशंगाबाद में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था। लघु उद्योग भारती के संरक्षक मुकेश खंडेलवाल ने स्थानीय स्तर पर उद्योगों को विकसित करने शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की ।


### महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के प्रभारी महाप्रबंधक धीरज मंडलेकर ने बताया कि उद्योगों में प्रतिस्पर्धा, उत्पादकता, गुणवत्ता में सुधार एवं विस्तार तथा कौशल विकास उन्नयन के लिए आरएएमपी की कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमे नवीन एमएसएमई प्रोत्साहन नीति 2025, एमएसएमई विकास नीति 2025 स्टार्टअप नीति 2025, एलइएएन मैनेजमेंट, जेडइडीसर्टिफिकेशन, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। अंबेश बलुआपुरी ने लघु उद्योग भारती के कार्य का विवरण व लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदेश व देश में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ये राष्ट्र का सबसे बड़ा संगठन है, जो लघु और माध्यम उद्योगों के लिए कार्य करता है।

### अस्पताल में भर्ती रहा पीड़ित युवक, शिकायत के बावजूद उसका बयान लेने नहीं पहुंची पुलिस

# चलती बाइक से गिराकर बेरहमी से पीटा, जेब से 10 हजार रुपये लूटे, फिर अधमरा छोड़ भागे हमलावर

- पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार



**बैतूल, देशबन्धु।** आमजन की सुरक्षा का जिम्मा जिनके कंधों पर है, यदि वही आंखें मूंद लें तो अपराधियों के हौंसले और बढ़ जाते हैं। बैतूल जिले में एक व्यक्ति को चलती बाइक से गिराकर, लाठियों और हाउसपाइप से बुरी तरह पीटा गया, जेब से रुपये लूटे गए, परंतु पुलिस न रिपोर्ट लिख रही है, न बयान ले रही है। पीड़ित अस्पताल में भर्ती रहा, पर थाने से एक भी कर्मचारी पीड़ित युवक का बयान लेने तक नहीं आया।

इस मामले में अब पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। भयावड़ी निवासी फरियादी मानसिंग तिरपाचे ने बताया कि बीते 5 जुलाई को वह अपने ससुराल से वापस लौट रहे थे। रास्ते में जब वे हमलापुर की ओर से आ रहे थे, तब 6 लोगों ने घेरकर उनकी बाइक को रोक लिया और चलती गाड़ी से उन्हें गिरा दिया। गिरते ही हमलावरों ने लाठी और हाउसपाइप से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मानसिंग ने बताया कि उनके जेब में रखे 10 हजार रुपये भी निकाल लिए गए, जो वे अपने बच्चे की स्कूल फीस भरने के लिए ससुराल से लाए थे।

हमलावरों के नाम उन्होंने शिकायत में निकलेश पवार, दीपक अहाके, उदय, उईके, दीपु चोटी और अन्य अज्ञात लोगों के रूप में बताए हैं। मारपीट करने के बाद आरोपी उन्हें अधमरा छोड़कर भाग गए। होश आने पर मानसिंग ने अपने भाई को फोन किया और हमलापुर डिपो के पास बुलाया। उनका भाई उन्हें गंज थाने ले गया, जहां पुलिस ने कहा कि पहले अस्पताल जाओ, हम वहीं आते हैं, लेकिन न तो कोई पुलिसकर्मी अस्पताल आया और न ही रिपोर्ट दर्ज की गई।

मानसिंग ने बताया कि गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे 5 जुलाई से 7 जुलाई तक भर्ती रहे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती रहते हुए भी किसी पुलिसकर्मी ने बयान तक नहीं लिए। अब छुट्टी मिलने के बाद उन्होंने एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत की है

## कलेक्टर ने ली बैठक

बैतूल । कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन और सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। सीएम हेल्पलाइन विभागवार समीक्षा की।

## संतु सूर्यवंशी और किशोर महोबे की अगुवाई में जिले भर से जुटे समाज के सैकड़ों पदाधिकारी



**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष किशोर महोबे और मेहरा समाज समिति के जिला अध्यक्ष, साथ ही भाजपा अजा मोर्चा के जिला महामंत्री संतु सूर्यवंशी के नेतृत्व में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही हेमंत खंडेलवाल बैतूल पहुंचे, अंबेडकर चौक पर फूल-मालाओं से उनका ऐतिहासिक स्वागत हुआ। यह नजारा सामाजिक एकता, नेतृत्व के सम्मान और संगठन की शक्ति का जीवंत प्रतीक भी बन गया। स्वागत कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों की संख्या में मेहरा समाज के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे।

## प्रेमगढ़ आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व पर होगा गुरु पूजन

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रेमगढ़ आश्रम कोसमी में इस वर्ष भी 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रेम स्वामी महाराज वृंदावन वाले के सानिध्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रेम स्वामी महाराज के शिष्य प्रेमगढ़ आश्रम पहुंचते हैं।

वर्ष में एक बार प्रेम स्वामी महाराज के दर्शन, सेवा दान करने की भावना से शिष्य यहां एकत्र होते हैं। गुरु पूर्णिमा के इस पर्व पर प्रेम स्वामी महाराज गुरु भक्ति का पाठ, प्रेम, धर्म की दीक्षा देंगे। उनके अनुसार यही मार्ग मानव देह के उद्धार का माध्यम है। इस मौके पर बंसीदास महाराज, राधा दास महाराज एवं सखी श्यामा जी ने समस्त श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## आंखों के मरीजों के लिए खुशखबरी: 25 को भैंसदेही, 28 को मुलताई एवं 29 को बोरदेही में मोतियाबिंद जांच परामर्श शिविर

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर के आयोजन किया जा रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार 25 जुलाई दिन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक मोतियाबिंद जांच परामर्श शिविर का आयोजन कियाजाएगा। 28 जुलाई दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में 11꞉30 बजे से दोपहर 2 बजे तक मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर के आयोजन किए जाएंगे। 29 जुलाई दिन मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरदेही में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर के आयोजन किए जाएंगे ।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान का भव्य शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत बैतूल के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ सोमवार को कार्यालय कलेक्टर सभागार से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम में पौधे रोपने की जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

## 16 जुलाई से शुरू, 24 अगस्त तक चलेगा झूलेलाल चालिया महोत्सव



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल शहर एक बार फिर श्री झूलेलाल के भक्तिरस में सराबोर होने जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत बैतूल द्वारा इस वर्ष भी श्री झूलेलाल चालिया महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह पावन महोत्सव 16 जुलाई से प्रारंभ होकर 24 अगस्त तक मनाया जाएगा। सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां मोहन कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर में आयोजित की जाएंगी।

चालिया महोत्सव का शुभारंभ 16 जुलाई को गंज झूलेलाल मंदिर में प्रातः 8.30 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं पूजन से होगा। इसके बाद मोहन कॉलोनी झूलेलाल मंदिर में प्रातः 10.30 बजे से अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं पूजन किया जाएगा। आरती का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे एवं रात्रि 9 बजे रखा गया है। पूज्य सिंधी पंचायत बैतूल ने श्रद्धालुओं से अपील की है जो श्रद्धालु पूजन में संकल्प लेकर बैठना चाहते हैं, वे बंटी मोटवानी 9425002051 से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

## बरहापुर पंचायत कार्यालय से नदारद मिले अधिकारी

- ग्रामीण शिकायत लेकर पहुंचे तो खाली मिला दफ्तर




**भैंसदेही, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहापुर के ग्रामीण इस समय दोहरी मुसीबत से जूझ रहे हैं। एक तरफ बारिश के चलते सड़कें कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी हैं, दूसरी ओर जब लोग अपनी समस्याएं लेकर पंचायत दफ्तर पहुंचते हैं, तो वहां कोई सुनने वाला नहीं होता। हालात यह हैं कि प्रशासनिक उपेक्षा ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भरता के भरोसे छोड़ दिया है।

ग्रामीण शिवा अतुलकर ने बताया कि ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए अक्सर पंचायत कार्यालय का सहारा लेना पड़ता है, जैसे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाना, मनरेगा से जुड़ी मजदूरी की जानकारी लेना, पीएम आवास, शौचालय योजना जैसी योजनाओं की जानकारी और आवेदन कराना, लेकिन बरहापुर पंचायत कार्यालय में आए दिन अधिकारी और कर्मचारी नदारद रहते हैं, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर उन्हें बिना काम के ही लौटना पड़ता है। यह लापरवाही ग्रामीणों के जरूरी कामों में बाधा बन रही है। दूसरी समस्या गांव में लगातार बारिश के कारण मुख्य सड़कें और गलियां कीचड़ से लबालब हो गई हैं। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर खेतों की ओर जाने वाले किसान तक सबको इस दलदल से होकर गुजरना पड़ रहा है।

इन समस्याओं को लेकर जब ग्रामीण पंचायत कार्यालय पहुंचे तो वहां एक भी अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। इस स्थिति से नाराज ग्रामीण शिवा अतुलकर ने कहा कि जब पंचायत में कोई अधिकारी ही मौजूद नहीं रहेगा तो गांव की समस्याओं का हल कैसे निकलेगा।

### एकादशी पर किया कोलकाता का श्रृंगार

## बाबा श्याम की भक्ति में डूबा सोनोली धाम



**बैतूल, देशबन्धु।** देव शयनी एकादशी के पावन अवसर पर मुलताई के सोनोली धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर में भव्य कीर्तन संध्या का आयोजन हुआ, जहां कोलकाता के अलौकिक श्रृंगार में सजे बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भजन, भक्ति और भव्यता का ऐसा संगम देखने को मिला कि हर भक्त की आंखें श्रद्धा से छलक उठीं। इस अवसर पर मंदिर को कोलकाता से मंगवाए गए अलौकिक दिव्य श्रृंगार से सजाया गया। श्रृंगार अत्यंत मनोहारी था।

बैतूल जिले का यह पहला बाबा श्याम का मंदिर है, जहां हर एकादशी को नियमित रूप से भव्य कीर्तन और भजन संध्या का आयोजन होता है। भजन संध्या में शैलेंद्र डोंगरे, बिंदेश मासोदकर, दीक्षा मासोदकर, अनुष्का विश्वकर्मा, मनु बंदेवार, पिंकी यादव और रिंकी यादव ने बाबा श्याम के भजनों की दिव्य प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या की हर एक प्रस्तुति पर भक्तों ने तालियों और जयकारों से वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंदिर समिति के सदस्यों और सेवकों द्वारा इस आयोजन की पूरी तैयारी की गई थी। मंदिर के सेवक विक्की मित्तल एवं उनका परिवार हर एकादशी पर पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ बाबा श्याम का कीर्तन करते हैं।

## श्री सन्त गुणवंत महाराज की पालकी का युवाओं ने किया भव्य स्वागत

**सावलमेंढा, देशबन्धु।** श्री सन्त गुणवंत महाराज की पालकी जो कि टिकारी बैतुल से रवाना हुई जिसका की ग्राम सावलमेंढा में भव्य स्वागत हुआ जिसमे श्रद्धालुओं के पैर धुलाकर उनका स्वागत सत्कार किया गया भक्तों द्वारा भजन संध्या भी की गई भोजन के पश्चात कुछ देर आराम कर महाआरती आरती हुई उसके बाद पालकी को विदाई दी गयी इसी के साथ भैसदेही से भी एक पालकी निकली जिसका की ग्राम मे जगह जगह स्वागत,सत्कार हुआ



इस मौके पर भरत कवड़े, शिवम जायसवाल ,डॉक्टर विकास खासदेव,वीरेंद्र आहाके ,मोनू सुहाने,संदीप राठौर,अंकित बरोदे मयंक ब्यौहार , ,नामदेव यादव,सिद्धार्थ शिवहरे,जितेंद्र, संदीप धाडसे ,सुनील ठाकरे, सुनील लोखंडे, हेमन्त सोनी आदि बडी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### सैकड़ों ग्रामीणों और समाजजनों की मौजूदगी में पौधारोपण बना उत्सव

# ग्राम टिगरिया में रामजीलाल और प्रेमराज गंगारे ने पर्यावरण सेवा को बनाया खुद के जन्मदिन का माध्यम

*__बैतूल, देशबन्धु।__ जिले के ग्राम टिगरिया में दो भाइयों ने अपने जन्मदिन पर गांव को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेकर 200 फलदार पौधों का रोपण किया। मंडीदीप भोपाल निवासी रामजीलाल गंगारे ने अपने गृह ग्राम टिगरिया में अपने व छोटे भाई प्रेमराज गंगारे के साथ जन्मदिवस के पावन अवसर पर पर्यावरण सेवा का यह अद्भुत कार्य किया।*

*इस अवसर पर सूर्यवंशी ढोलेवार कुन्बी समाज संगठन जिला बैतूल एवं समाज के वरिष्ठजनों और गणमान्य नागरिकों को सादर आमंत्रित कर सभी को तिलक, पुष्पहार से सम्मानित किया गया और एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के साथ पौधारोपण करवाया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद बैतूल विधायक एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का रामजीलाल गंगारे द्वारा स्वागत करते हुए फलदार पौधे भेंट किए गए।*




***15 साल से पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे रामजीलाल :*** *रामजीलाल गंगारे बीते 15 वर्ष से समाज में पर्यावरण जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। वह जन्मदिन, विवाह, भागवत, कथा जैसे सभी मांगलिक आयोजनों में लोगों को पौधे भेंट कर पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस आयोजन में उनके मित्र और मार्गदर्शक श्री नागरे (रायगढ़) के सान्निध्य में शिक्षक राधेश्याम गंगारे के सहयोग से पर्यावरण पर आधारित एक लघु नाटिका का भी मंचन किया गया, जिसने उपस्थित जनों को पर्यावरण के महत्व का भावुक संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री धनराज गंगारे, प्रेमराज गंगारे, ज्योतिष गंगारे, डॉ. कमलेश पारधे, तुलसीराम पारधे, विष्णु छेरकी, राजेश महाले और रामप्रसाद महाले का विशेष योगदान रहा।*

***पौधारोपण कर सामाजिक एकता और प्रकृति प्रेम का दिया संदेश :*** *जिला संगठन बैतूल से भोलाराम कोकाटे, उमाकांत वानखेड़े, मनोहर राव पारधे, प्रेमराज छेरकी, अरविंद गंगारे, रामशंकर पारधे, ऋषिराम सरले, उमाकांत छेरकी, डॉ. येशोराम पारधे, हरिराम पारधे सहित कई वरिष्ठजनों ने पौधारोपण कर अपनी भागीदारी निभाई। ब्लॉक संगठन से भगवानदास कापसे, मिश्रीलाल करारे, कृष्णा रावत, संतोष रावत ने सहभागिता की। वहीं युवा संगठन के अजय गंगारे, ओमप्रकाश सरले, कपिल गंगारे, अर्जुन पुंडे ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर सामाजिक एकता और प्रकृति प्रेम का संदेश दिया।*

***रोपित पौधों की देखभाल का लिया संकल्प :*** *कार्यक्रम का कुशल संचालन गुरुजी धनराज रावते द्वारा किया गया। आयोजनकर्ता रामजीलाल गंगारे ने अंत में सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पौधों की देखभाल का संकल्प भी दोहराया।टिगरिया गांव में यह आयोजन एक सामाजिक पर्व बन गया, जिसमें प्रकृति, संस्कृति और समाज की एक अद्भुत त्रिवेणी देखने को मिली।*

